हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल



रोनाल्डो ने नॉकआउट में किया पहला गोल, पुर्तगाल ने क्रोएशिया को हरा प्री क्वार्टर...

Page 09 देश



अन्ना हजारे की धमकी के बाद पीछे हटी महाराष्ट्र सरकार, नए आरटीआई नियमों पर रोक लगाने...




कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 04 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 212 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,34,750 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**1828 :** लॉर्ड विलियम बेंटिक कलकत्ता (अब कोलकाता) नए गवर्नर-जनरल के रूप में अपना प्रशासन शुरू करने के लिए यूनाइटेड किंगडम के राजा जॉर्ज IV के स्थान पर भारत आए।

**1947 :** ब्रिटिश संसद के सामने भारतीय स्वतंत्रता बिल का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके तहत देश का भारत और पाकिस्तान में बंटवारा हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में बनेगी लिथियम-आयन बैटरी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नई उद्योग नीति के तहत गोपालगंज जिले के हथुआ औद्योगिक क्षेत्र में लिथियम-आयन बैटरी निर्माण यूनिट स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से जिले में निवेश बढ़ेगा और बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इस परियोजना के जरिए गोपालगंज को बैटरी निर्माण के एक नए औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इस परियोजना के लिए बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) और जिला उद्योग विभाग ने हथुआ औद्योगिक क्षेत्र फेज-3 में श्री शिरडी साईंनाथ पावर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी है। भूमि आवंटन की प्रक्रिया बियाडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार और कंपनी के प्रबंध निदेशक रवि पांडे की मौजूदगी में पूरी हुई।

### बिहार के पांच जिलों में ग्रामीण एसपी का कार्यक्षेत्र तय

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने राज्य के पांच महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील जिलों में नवसृजित पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पदों का क्षेत्राधिकार स्पष्ट कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सिवान जिलों में लागू होगी। सरकार का उद्देश्य इन जिलों में एक से अधिक पुलिस अधीक्षक के पद होने के कारण कार्यक्षेत्र को लेकर किसी प्रकार की भ्रम या टकराव की स्थिति से बचना तथा पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाना है।

---

### भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा की मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, कहा

# राज्य और देश की सुरक्षा सर्वोपरि

- सीमावर्ती जिलों में गश्त बढ़ाने, निगरानी तंत्र सुदृढ़ करने और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश
- तस्करी व अवैध आवाजाही रोकने के दिए सख्त निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय, जिला प्रशासन, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, गश्ती व्यवस्था तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों ने सुरक्षा तैयारियों और जमीनी स्थिति से संबंधित विस्तृत प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने सीमा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों, अंतरराष्ट्रीय तस्करी, अवैध घुसपैठ तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सीमा सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। उन्होंने एसएसबी, स्थानीय पुलिस एवं खुफिया एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर विशेष बल देते हुए कहा कि समय पर सूचना साझा करने से सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती जिलों के जिला प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित एजेंसियों के साथ साझा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि सीमा सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने, तस्करी एवं अवैध आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएंगे।

### बिहार में विकसित होंगी 12 आधुनिक ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप

## हुडको के साथ एक लाख करोड़ का समझौता

- छह लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश का लक्ष्य, लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार और स्वरोजगार का अवसर



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में आधुनिक शहरी विकास को नई गति देने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) के बीच एक लाख करोड़ रुपये के दीर्घकालिक वित्तपोषण (फाइनेंसिंग) को लेकर महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित हुआ। समझौते के तहत बिहार में 12 आधुनिक ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बिहार के शहरी विकास के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इन टाउनशिप में आधुनिक आवास, चौड़ी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, सीवरेज, निर्बाध बिजली, हरित क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य सभी आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एमओयू का आदान-प्रदान नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार और एचयूडीसीओ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित टाउनशिप का विकास तीन लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में किया जाएगा। इस परियोजना में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लैंड पुलिंग मॉडल अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुआवजे के लिए आवेदन करने वाले किसानों को 30 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

---

# तेज रफ्तार हाइवा तीन घरों पर पलटा, महिला समेत तीन की मौत, छह से अधिक घायल

- पिता ने बालू में दबे बेटे का निकाला शव, तीसरा शव निकालने के लिए जेसीबी की लेनी पड़ी मदद



राधा, मृतका

अंकुश, मृतक

**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बालू लदा तेज रफ्तार हाइवा तीन घरों पर पलट गया। हादसे में दो मासूम बच्चों और एक महिला की मौत हो गई, जबकि छह से अधिक लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित लोगों ने करीब 45 मिनट तक राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को जाम कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे खगड़िया से नवगछिया की ओर जा रहा बालू लदा हाइवा अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हो गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और हाइवा सड़क किनारे बने तीन मकानों पर पलट गया। हादसे के समय कई लोग घरों के अंदर मौजूद थे।

मृतकों की पहचान गुड्डू डोम की चार वर्षीय पुत्री राधा कुमारी, तीन वर्षीय अंकुश कुमार तथा भिखारी डोम की 50 वर्षीय पत्नी इंदु देवी के रूप में हुई है। हादसे में छह से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बालू के ढेर में दबे लोगों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। महिला का शव हाइवा के नीचे दबा होने के कारण उसे निकालने के लिए जेसीबी मशीन की सहायता ली गई। घायलों को स्थानीय लोगों ने ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। हादसे से आक्रोशित लोगों ने एनएच-31 को लगभग 45 मिनट तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## मालगाड़ी की चपेट में आए चार रेल मजदूर, तीन की मौत, एक गंभीर

**निज संवाददाता | भागलपुर**

भागलपुर जिले में साहिबगंज-भागलपुर रेलखंड पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक रेल हादसे में मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन रेल मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन और लक्ष्मीपुर भोरंग हॉल्ट के बीच शिवनारायणपुर सिग्नल के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक संवेदक (ठेकेदार) के अधीन कार्यरत चार रेल मजदूर नियमित ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के लिए निकले थे। बताया जाता है कि वे डाउन लाइन पर पैदल चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। अचानक हुई घटना के कारण उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतकों की पहचान राम प्रसाद, रामू और रगदा के रूप में हुई है। घायल प्रधान हांसदा को रेलवे पुलिस ने तत्काल इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज), भागलपुर में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया।

---

## गांवों में भी लगेगा होल्डिंग टैक्स, हर घर से 1200 रुपये सालाना वसूली का प्रस्ताव

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रस्तावित नई व्यवस्था के तहत अब ग्राम पंचायतों में भी शहरी निकायों की तर्ज पर होल्डिंग टैक्स सहित विभिन्न स्थानीय कर वसूले जाएंगे। पंचायती राज विभाग के प्रस्ताव को वित्त विभाग की मंजूरी मिल चुकी है और अब इसे राज्य मंत्रिमंडल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद नई व्यवस्था लागू होगी। प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर से औसतन 1,200 रुपये प्रतिवर्ष अपने स्रोत के राजस्व (ओन सोर्स रेवेन्यू) के रूप में जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल 16वें वित्त आयोग की उन सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें पंचायतों को अपनी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया गया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स, पेयजल आपूर्ति शुल्क, सफाई शुल्क तथा स्ट्रीट लाइट रखरखाव शुल्क जैसे स्थानीय कर लिए जा सकेंगे। विशेष रूप से हर घर नल का जल योजना के तहत जलापूर्ति के लिए उपयोगकर्ता शुल्क का प्रावधान भी किया जाएगा।

सरकार के प्रस्ताव में आवासीय और व्यावसायिक भवनों के लिए अलग-अलग कर व्यवस्था का प्रावधान है। आवासीय भवनों की तुलना में व्यावसायिक भवनों पर अधिक कर लगाया जाएगा। कर की दर भवन के उपयोग, बाजार क्षेत्र में स्थिति तथा मुख्य सड़क या गली में स्थित होने जैसे मानकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

### रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

## पर्यटन स्थलों पर बनेंगे अत्याधुनिक हाट : श्रवण कुमार

**निज संवाददाता | पटना**



ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास, रोजगार के अवसरों का विस्तार और गांवों की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा गरीबों और महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा तैयार की जाने वाली सभी योजनाओं में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की आवश्यकताओं और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर अत्याधुनिक हाट विकसित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे स्थानीय किसानों, हस्तशिल्पियों और जीविका समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार मिलेगा तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान बनेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीविका दीदियों और अन्य जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाली योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने हेतु विशेषज्ञ एजेंसियों का सहयोग लेने पर भी बल दिया। बैठक में जीविका दीदियों को कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को प्लंबर सहित अन्य रोजगारपरक प्रशिक्षण देने तथा प्रत्येक प्रखंड में कम से कम दस महिलाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया।

## ई-रिक्शा को बीच सड़क रोकने वाले सात चीनी एप बंद, केंद्र सरकार ने गुगल और एपल को भेजा नोटिस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ई-रिक्शा एवं अन्य बैटरी चालित वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा कदम उठाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को गूगल एंड्रॉयड और एप्पल आईओएस को नोटिस जारी कर उनके ऐप स्टोर से सात बैटरी प्रबंधन (बीएमएस) ऐप हटाने का निर्देश दिया है। सरकार को आशंका है कि इन ऐप्स का दुरुपयोग कर ब्लूटूथ के माध्यम से ई-रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों को दूर से बंद किया जा रहा था, जिससे चालकों और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। सरकार ने जिन ऐप्स पर कार्रवाई की है, उनमें बैट-बीएमएस, स्मार्ट, बीएमएस, लूजीसी, ईपोअर-आई-ऑयन समेत कुल सात बैटरी प्रबंधन ऐप शामिल हैं। इन ऐप्स के जरिए कुछ बैटरियों के बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) से ब्लूटूथ के माध्यम से जुड़कर उनकी बिजली आपूर्ति बंद किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो भी वायरल हुए थे, जिनमें चलते हुए ई-रिक्शों को दूर से बंद करते हुए दिखाया गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बैटरी चालित वाहनों के संचालन में दूर से हस्तक्षेप करने वाले या ऐसे दुरुपयोग को बढ़ावा देने वाले किसी भी ऐप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, पहले भी कुछ ऐसे ऐप हटाए जा चुके हैं और भविष्य में भी संदिग्ध ऐप्स की निगरानी जारी रहेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) का मूल उद्देश्य बैटरी का वोल्टेज, करंट, तापमान और चार्जिंग की स्थिति पर नजर रखना होता है।

---

## बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने एजे राजकुमार

- करीब तीन दशक के अनुभव के साथ संभाला पदभार, एनटीपीसी की कई प्रमुख परियोजनाओं में निभा चुके हैं अहम जिम्मेदारी

**निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)**



बीआरबीसीएल के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में ए.जे. राजकुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। विद्युत उत्पादन एवं परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों का अनुभव रखने वाले श्री राजकुमार ने वर्ष 1995 में एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु (एग्जीक्यूटिव ट्रेनी) के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। बीआरबीसीएल का दायित्व संभालने से पूर्व श्री राजकुमार एनटीपीसी विंध्याचल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। अपने लंबे और सफल कार्यकाल के दौरान उन्होंने एनटीपीसी की कई प्रमुख परियोजनाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

उन्होंने तालचेर कनिहा, वल्लूर तथा रामागुंडम जैसी महत्वपूर्ण विद्युत परियोजनाओं में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर कार्य करते हुए उत्पादन क्षमता, परियोजना प्रबंधन और संचालन के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दिया है। बीआरबीसीएल प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री ए.जे. राजकुमार के नेतृत्व में कंपनी की कार्यक्षमता, उत्पादन क्षमता और विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी तथा संगठन नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

## बिहार के 211 नए डिग्री कॉलेजों में 3,687 असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी नियुक्ति

**पटना(नि.सं.)।** बिहार सरकार ने राज्य के 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में 3,687 संविदा आधारित सहायक प्राध्यापकों (असिस्टेंट प्रोफेसर) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग ने इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए योग्य अभ्यर्थियों से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। चयन प्रक्रिया के तहत 20 एवं 27 जुलाई को साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे, जबकि 29 जुलाई को मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी।

---

### श्रावणी मेला की तैयारियां अंतिम चरण में, उद्घाटन पर ड्रोन और लेजर शो होंगे आकर्षण का केंद्र

# कांवरिया पथ पर टेंट सिटी व मोबाइल नंबर वाले लगेंगे साइनेज

**निज संवाददाता | पटना**



30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुक्रवार को पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोबाइल नंबर युक्त साइनेज लगाए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करना आसान हो सके। इसके अलावा सुल्तानगंज स्थित बाबा अजगैबीनाथ मंदिर के समीप उद्घाटन के दिन ड्रोन शो और लेजर शो का आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पर्यटन सचिव ने बताया कि श्रावणी मेला के उद्घाटन और समापन समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही बाबा अजगैबीनाथ मंदिर से बिहार सीमा स्थित दुम्मा तक पूरे कांवरिया पथ को भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक रोशनी और विशेष सजावट से सजाया जाएगा। पूरे मार्ग पर शिव मंत्रों की मधुर ध्वनि भी गूंजेगी।

उन्होंने अधिकारियों को गंगा घाटों पर कांवरियों की सुरक्षा के लिए विशेष बैरिकेडिंग करने, समय पर बालू बिछाने तथा पूरे कांवरिया पथ पर पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कांवरिया पथ के विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी विकसित की जाएगी। यहां श्रद्धालुओं के लिए स्नानघर, शुद्ध पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पर्यटन सचिव ने जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 'दीदी की रसोई' के माध्यम से श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन की कीमतों का रेट चार्ट भी प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य इस वर्ष श्रावणी मेले को सुरक्षित, व्यवस्थित, स्वच्छ और श्रद्धालु-अनुकूल बनाना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) — MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हत्या का प्रयास एवं मारपीट मामले में एक दर्जन लोग गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के गंगटी गांव से एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गंगटी गांव में आपसी विवाद को ले दो गुटों में हुए मारपीट एवं हत्या का प्रयास मामले में एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गंगटी गांव से एक पक्ष के जगदीश चौधरी, सामा देवी, चंदन कुमार उर्फ चंदन चौधरी, कृष्ण चौधरी एवं रिंकू देवी जबकि दूसरे पक्ष के मल्लू चौधरी, लल्लू चौधरी, अनिल चौधरी, नंदलाल चौधरी, राजकुमार चौधरी, रिंकू देवी एवं सारो देवी को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### वारिसलीगंज से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, 6 मोबाइल जब्त



**वारिसलीगंज (नवादा)।** नवादा पुलिस ने चंडीगढ़ साइबर थाना की सूचना पर कार्रवाई करते हुए लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी मुद्रा फाइनेंस, बजाज फाइनेंस समेत अन्य वित्तीय कंपनियों के नाम पर ग्राहकों को झांसा देकर ठगी करते थे। इनके पास लोगों का डाटा था, जिसमें मोबाइल नंबर, नाम और निजी जानकारी शामिल थी। इसी आधार पर कॉल कर प्रोसेसिंग शुल्क और फाइल चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठते थे।एसपी के निर्देश पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में वारिसलीगंज और चंडीगढ़ साइबर थाना के अधिकारी शामिल थे। गुप्त सूचना पर चैनपुरा गांव के पास छापेमारी की गई। चंडीगढ़ साइबर थाना कांड संख्या 70/26 के संदिग्ध तो नहीं मिले, लेकिन तीन अन्य साइबर अपराधी पकड़े गए।गिरफ्तार साईबर अपराधी अंकित कुमार, 23 वर्ष, निवासी जवाहर पार्क,सत्यवीर कुमार, 25 वर्ष, निवासी चैनपुरा , सन्नी कुमार, 28 वर्ष, निवासी चैनपुरा वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 457/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धारा 66, 66बी, 66सी, 66डी के तहत प्राथमिकी हुई है। जब्त मोबाइल की डिजिटल जांच से गिरोह के अन्य सदस्य, बैंक खाते और कॉल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द और गिरफ्तारियां होंगी। छापेमारी टीम में अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

### ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने हेतु डेयरी फार्म प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कौआकोल।** ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने और किसानों को वैज्ञानिक तरीके से डेयरी व्यवसाय से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले पांच दिवसीय "वैज्ञानिक विधि से डेयरी फार्म प्रबंधन" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर स्थित राजेन्द्र भवन में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिला गव्य विकास पदाधिकारी आरके निराला के द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 युवा शामिल हो रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पशुपालकों एवं ग्रामीण युवाओं को डेयरी व्यवसाय को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके से संचालित करने की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के बेहतर रखरखाव, संतुलित आहार,रोग नियंत्रण,दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की तकनीक,नस्ल सुधार एवं डेयरी प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डेयरी व्यवसाय को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से डेयरी व्यवसाय अपनाकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। मौके पर डॉ. भारत भूषण शर्मा,कोर्स कोआर्डिनेटर रजत रंजन,डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार,फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन,मनोज कुमार,राजेश कुमार,सलोनी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वारिसलीगंज में आयोजित कार्यक्रम, प्रतिमाह 500 रुपये की पोषण सहायता देने का लिया संकल्प




**वारिसलीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वारिसलीगंज में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निश्चल मित्र योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आगे बढ़कर चार टीबी मरीजों को छह माह के लिए गोद लिया। इस दौरान प्रत्येक मरीज को उपचार अवधि में प्रतिमाह 500 रुपये की पोषण सहायता उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अजय सिंह ने एक मरीज को रूप में गोद लिया। वहीं जिला परिषद सदस्य अंजनी सिंह ने दो मरीजों को सहयोग देने की जिम्मेदारी ली। समाजसेवी सोनू कुमार ने भी एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसके पोषण और उपचार में सहयोग का भरोसा दिया। गोद लिए गए लाभार्थियों में डब्लू कुमार इंदु देवी, पूनम कुमारी एवं गुड्डू मांझी शामिल हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि संतुलित पोषण और समाज के सहयोग से भी जीती जा सकती है। निक्षय मित्र योजना का उद्देश्य मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण उपलब्ध कराकर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करना है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त भारत अभियान में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. राम कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निक्षय मित्र योजना की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाज के विभिन्न वर्गों से इस अभियान में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संभावित टीबी मरीजों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बिहार में एक करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे 14 अगस्त, 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इसी क्रम में नवादा जिले के सभी 14 प्रखंडों के लिए प्रतिदिन स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित दैनिक लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करें, ताकि जिले का लक्ष्य समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत हासिल किया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी महादलित टोलों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी), आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा अन्य चिन्हित स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाए। इसके लिए जिला कल्याण विभाग से महादलित टोलों की अद्यतन सूची प्राप्त कर प्रत्येक महादलित टोले में विशेष शिविर लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के दौरान टीबी के दस प्रमुख लक्षणों के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जाए। जिन व्यक्तियों को दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी, लगातार बुखार, वजन में कमी, सीने में दर्द अथवा अन्य टीबी संबंधी लक्षण हों, उनका चेस्ट



एक्स-रे सहित आवश्यक जांच कराई जाए। आवश्यकता अनुसार बलगम का नमूना संग्रह कर सीबी-नाट (CBNAAT) अथवा ट्रूनैट (TrueNat) जांच के लिए भेजा जाए, ताकि समय पर टीबी की पुष्टि कर उपचार प्रारंभ किया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का बॉडी मास इंडेक्स (BMI), रक्तचाप (BP), हीमोग्लोबिन (Hb) एवं ब्लड शुगर की जांच भी नियमित रूप से की जाए, जिससे अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की भी समय पर पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक दिन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को मिशन मोड में संचालित करें और निर्धारित दैनिक लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। सभी प्रभारी पदाधिकारी अपने संस्थान के ओपीडी में आने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग कराना सुनिश्चित करेंगे ।

टीबी के मरीजों के परिवार तथा आसपास के लोगों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट किया जाए तथा तीन माह तक उन्हें भी टीबी रोकथाम की दवा खाने को प्रेरित किया जाये। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्क्रीनिंग, एक्स-रे, जांच, संभावित टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार से संबंधित सभी विवरण प्रतिदिन निक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। साथ ही अभियान की नियमित मॉनिटरिंग एवं दैनिक समीक्षा की जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर शिथिलता न रहे। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों (एमओआईसी) को निर्देश दिया गया कि अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए 14 अगस्त, 2026 तक निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिलाअधिकारी द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर कमी को दूर करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सीडीओ डॉ0 माला सिन्हा, डीपीएम अमित कुमार, डीपीएस इकबाल हुसैन, STS अखिलेश कुमार, DFU राजीव कुमार, WJfoundation आशुतोष कुमार उपस्थित थे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी एमओआईसी जुड़े थे।

## रजौली में हाईटेक R15 बाइक से हो रही थी शराब तस्करी, 18 लीटर महुआ शराब जब्त

- पुलिस ने पकड़ी बिना नंबर की रेसिंग बाइक, तीन धंधेबाजों पर केस दर्ज, शादी के दौरान गिफ्ट में मिली बाइक से कर रहे थे धंधा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना पुलिस ने बीते गुरुवार रात करीब 9 बजे एनएच-20 पर अंधरवारी के समीप बने अंडरपास से एक हाईटेक R15 रेसिंग बाइक के साथ 18 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की बाइक से शराब तस्करी का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज है कि अब धंधेबाज पुलिस से बचने के लिए तेज रफ्तार रेसिंग बाइकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुरहेना-अंधरवारी सड़क मार्ग से शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए एएसआई के.के. झा को सशस्त्र बल के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान अंधरवारी मोड़ स्थित मध्य विद्यालय के पास एक बोरे से एक-एक लीटर की प्लास्टिक थैलियों में बंद कुल 18 पाउच महुआ शराब बरामद हुई। मौके से शराब परिवहन में इस्तेमाल बिना नंबर की R15 बाइक भी जब्त कर थाना लाई गई।

**शादी में गिफ्ट मिली बाइक से कर रहे थे धंधा** :- स्थानीय चर्चा के मुताबिक जब्त R15 बाइक एक



थाना परिसर में जब्त R15 बाइक

धंधेबाज को शादी में उपहार स्वरूप मिली थी। पहले चोरी की पुरानी बाइकों से शराब ढोई जाती थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता बढ़ने पर धंधेबाजों ने खुद को अपडेट कर लिया है। अब तेज रफ्तार रेसिंग बाइकों से पुलिस को चकमा देने की कोशिश की जा रही है।

**तीन पर केस, बाइक की जांच जारी** :- थानाध्यक्ष ने कहा कि बरामद शराब और जब्त बाइक को लेकर तीन नामजद शराब धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जब्त R15 बाइक चोरी की है या नहीं। धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि शराब माफियाओं के हाईटेक होने से चुनौती बढ़ी है, लेकिन लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। एनएच-20 के अंडरपास का इस्तेमाल तस्करी के सेफ रूट के रूप में हो रहा था, जिस पर अब विशेष नजर रखी जा रही है।

## "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश ने की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 66 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया।

जनसुनवाई के दौरान थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम बलवापर निवासी बच्चू महतो द्वारा वृद्धा पेंशन से संबंधित, थाना हिसुआ अंतर्गत ग्राम गंजपर निवासी मंजू देवी द्वारा भूमि विवाद से संबंधित, थाना हिसुआ अंतर्गत ग्राम हदसा निवासी मेघन चौहान द्वारा चापाकल लगवाने से संबंधित तथा थाना रजौली अंतर्गत डीह रजौली निवासी संदीप कुमार द्वारा परिमार्जन प्लस से संबंधित आवेदन



प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गईं।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जनगणना 2027 के पालयट प्रोजेक्ट का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त, 4 से 5 जुलाई तक होगा स्वगणना का कार्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में होने वाली जनसंख्या परिगणना के पूर्व परीक्षण को लेकर मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जनगणना निदेशालय के उप निदेशक हेमंत कुमार एवं रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में 89 प्रगणकों एवं 17 पर्यवेक्षकों से रूबरू हुए और उनसे प्रशिक्षण से संबंधित फीडबैक लिया। इस दौरान चार्ज अधिकारी सह बीडीओ संजीव झा,जनगणना निदेशालय से सहायक निदेशक अंगद कुमार सिंह के साथ नोडल पदाधिकारी अनूप कुमार वर्मा व सौरभ कुमार के अलावे जिला मुख्यालय से सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी चंदन कुमार सिन्हा एवं लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। एसडीओ ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को ससमय कार्यों का निष्पादन करने को निर्देशित किया है। उन्होंने जनसंख्या परिगणना के दौरान शुद्धियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही जरूरत पर उन्हें प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रगणकों को नियुक्ति पत्र और



प्रगणकों से फीडबैक लेते एसडीएम, उपनिदेशक, बीडीओ व अन्य

पहचान पत्र के साथ कीट भी प्रदान दिया गया। प्रगणक एवं पर्यवेक्षक 6 जुलाई से क्षेत्र में जाकर जनसंख्या परिगणना करेंगे।

**पहली बार हो रही स्वगणना,परिवार का मुखिया खुद भरेंगे डाटा** :- भारत की जनगणना 2027 पूर्णतः पेपरलेस और डिजिटल है। पूर्व परीक्षण में पहले चरण में स्वगणना नहीं करवाया गया था,जबकि द्वितीय चरण में पहली बार स्वगणना का कार्य किया जाना सुनिश्चित है। बीडीओ ने बताया कि 4 और 5 जुलाई को स्वगणना का कार्य गृह मंत्रालय द्वारा तैयार सेल्फ एन्युमरेशनपोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। स्वगणना में परिवार का मुखिया फॉर्म-31 में

- जनगणना निदेशालय के उपनिदेशक के साथ एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश
- प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिए गए नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र एवं कीट

नाम,उम्र,लिंग,वैवाहिक स्थिति,शिक्षा,रोजगार,जन्म स्थान,दिव्यांगता,जाति आदि कॉलम खुद भरेंगे,जिससे गलत डाटा इंट्री की संभावना कम होगी। बीडीओ ने यह भी बताया कि स्वगणना अनिवार्य नहीं है,जो लोग पोर्टल या ऐप का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं,उनके घर प्रगणक पहले की तरह जाएंगे। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ प्री टेस्ट है,जिसमें लोगों से सरकार राय मांग रही है। लोगों की राय के अनुसार वर्ष 2027 में होने वाली भारत की जनगणना में सुधार किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में आदित्य कुमार,नवीन कुमार,प्रियरंजन जायसवाल,हर्षित कांत उज्ज्वल एवं रोहित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## रजौली के विकास को लेकर विधायक विमल राजवंशी ने सीएम सम्राट चौधरी को सौंपे ज्ञापन



सीएम को ज्ञापन सौंपते रजौली विधायक

- अभ्रक खदान लीज, टोल माफी, विस्थापितों के पुनर्वास समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा, सीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर विधायक विमल राजवंशी ने बुधवार को पटना स्थित 1, अणे मार्ग में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। विधायक ने सीएम को कई महत्वपूर्ण ज्ञापनों के साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

**सीतामढ़ी को पर्यटन केंद्र बनाने की मांग** :- विधायक ने सीएम को मेसकौर प्रखंड स्थित माँ सीता एवं लव-कुश की तपोस्थली सीतामढ़ी मंदिर का प्रतीक-चिह्न भेंट किया। उन्होंने इस पौराणिक स्थल को राज्य व राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाकर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का आग्रह किया, ताकि धार्मिक पर्यटन बढ़े और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले।

**अभ्रक खदानों की लीज का मुद्दा प्रमुख** :- बैठक में रजौली की बंद पड़ी अभ्रक खदानों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। विधायक ने बताया कि 2006 में लीज समाप्त होने के बाद झारखंड के खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन हो रहा है। इससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है और स्थानीय युवाओं के रोजगार खत्म हो गए। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से खदानों की लीज देकर खनन शुरू कराने की मांग की। सीएम ने गहन जानकारी लेकर कार्रवाई का भरोसा दिया।

**करिगांव टोल प्लाजा पर स्थानीयों को छूट की मांग** :- विधायक ने करिगांव टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों को टोल शुल्क में छूट या पूर्ण माफी देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि झारखंड समेत अन्य राज्यों की तर्ज पर स्थानीय वाहन पंजीकरण या पहचान के आधार पर छूट मिले, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के लिए आने-जाने वाले हजारों परिवारों को राहत मिले।

**विस्थापितों के पुनर्वास का उठा मामला** :- हरदिया फुलवरिया जलाशय परियोजना से 1985 में विस्थापित परिवारों को आवंटित भूमि पर कानूनी अधिकार देने की मांग की गई। साथ ही सिंचाई विभाग की भूमि पर बसे गरीब-भूमिहीन परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास का मुद्दा भी रखा गया।

**अस्पताल व सड़क पर भी चर्चा** :- 75 शैय्या रजौली अनुमंडलीय अस्पताल को पूर्ण रूप से संचालित करने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, एनएच-20 व सर्विस रोड की गुणवत्ता जांच, पेयजल, शिक्षा, सिंचाई, अवैध ओवरलोडिंग व चेकपोस्ट की अनियमितताओं पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। सीएम का सकारात्मक रुख रजौली के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए सरकार के सहयोग से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।

## भव्य कलश शोभायात्रा के साथ मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू, भक्तिमय हुआ धमौल बाजार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड के धमौल बाजार स्थित नवनिर्मित देवी मंदिर में मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। अनुष्ठान की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा से हुई, जिसमें 101 कलश लिए महिलाओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे बाजार क्षेत्र में मां भगवती के जयकारों और धार्मिक गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कलश शोभायात्रा पंजाब नेशनल बैंक के समीप स्थित देवी मंदिर परिसर से निकली। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु गणेश मंदिर चौक के रास्ते पुनः मंदिर परिसर लौटे। यहां कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ।

पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। महिलाएं सिर पर कलश



धारण कर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु जय माता दी के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पटना से आए विद्वान ब्राह्मणों की टीम द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ कराया जा रहा है। इस अनुष्ठान में धमौल बाजार निवासी व्यवसायी मुरारी प्रसाद बरनवाल, मनोज बरनवाल, सत्येंद्र महतो तथा मिथलेश बरनवाल उर्फ मंटू लाल अपनी धर्मपत्नियों के साथ मुख्य यजमान के रूप में पूजा में शामिल हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि दो दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, हवन एवं मां भगवती की विशेष आराधना होगी। तीसरे दिन विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम वंदन, आरती एवं भक्ति कीर्तन का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन प्रसाद की व्यवस्था की गई है, जबकि समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि धमौल बाजार में वर्षों पुराने देवी मंदिर का नए स्वरूप में भव्य पुनर्निर्माण कराया गया है। मां भगवती के लिए आकर्षक एवं विशाल मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अनुष्ठान में शामिल हो रहे हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक मुरारी प्रसाद बरनवाल के नेतृत्व में मंदिर नव निर्माण समिति के अध्यक्ष धर्मजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, सचिव संतोष कुमार बबलू, कोषाध्यक्ष मिथलेश बरनवाल उर्फ मंटू लाल, अजीत भारती सहित समिति के सभी सदस्य तन-मन से जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को लेकर धमौल बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

सत्यमेव जयते

Ministry of Civil Aviation
Government of India

# A New Decade of Regional Air Connectivity Begins



Shri Narendra Modi
Hon'ble Prime Minister

## Launch of the Next Phase of

# UDAN

(Ude Desh Ka Aam Naagrik)

**Worth around ₹ 29,000 Crore**

By

## Shri Narendra Modi

Hon'ble Prime Minister

### Features and Benefits of the Scheme

- Development of **100 New Aerodromes** at ₹12,159 Crore, enhancing remote and regional air connectivity
- Construction of **200 heliports** at ₹3,661 Crore in hilly and aspirational districts across India
- **Viability Gap Funding** of ₹10,043 Crore to support airline operations on regional routes sustainably and ensure affordable air travel
- **O&M support** to aerodromes at ₹2,577 Crore for safety, efficiency, and continuous operations
- **Aatmanirbhar Aircraft Acquisition** of HAL Dhruv helicopters and Dornier aircraft to strengthen indigenous regional aviation capabilities
- Boost to trade, tourism and regional economy, opportunities for growth of **new airlines** and aviation start-ups

### in the august presence of

**Shri Haribhau Kisanrao Bagde**
Governor, Rajasthan

**Shri Bhajan Lal Sharma**
Chief Minister, Rajasthan

**Shri Kinjarapu Rammohan Naidu**
Union Minister of Civil Aviation

**Shri Gajendra Singh Shekhawat**
Union Minister of Culture; and Tourism

**Shri Murlidhar Mohol**
Union Minister of State for Civil Aviation; and Cooperation

**Saturday, 04th July, 2026 | 10:45 Hrs. | Jodhpur Airport, Rajasthan**

DD NEWS Watch the event live on DD News

CBC 03111/13/0003/2627



Follow us on:- @AAI_Official | @AirportsAuthorityOfIndiaOfficial | @aaiofficial | @AirportsAuthorityofIndia | @airportsauthorityofindia

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया न्यायालय में पेश

**काराकाट/ रोहतास।** थाना क्षेत्र में मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। यह गिरफ्तारी सुगी बाल में हुई एक घटना के संबंध में की गई है, जिसमें हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार को सुगी बाल में 'वापसी' को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट की घटना हुई थी। पीड़ित के आवेदन के आधार पर थाना में हत्या के प्रयास का मामला संख्या 256/26 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सघन जांच की और एक आरोपी की पहचान की। शुक्रवार को सुगी बाल निवासी कमलेश राम के पुत्र पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आपराधिक कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार कड़ाई से निपटा जाएगा। घटनास्थल पर गश्त बढ़ा दी गई है तथा बाकी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी अभियान भी तेज कर दिया गया है। पुलिस ने आम जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। साथ ही, लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध जानकारी के लिए तत्काल थाने से संपर्क करने की अपील की गई है।

### बिक्रमगंज सासाराम रेल मार्ग पर घुसिया रेलवे हॉल्ट पर ट्रेन के चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत

**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज सासाराम रेल मार्ग पर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घुसिया रेलवे हॉल्ट पर शुक्रवार को ट्रेन के चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गया। मृतक की पहचान घुसियां कला निवासी नंदकेश्वर राम.उम्र लगभग 52 वर्ष पिता स्व.बेंगा राम के रूप में की गई है। इस घटना से घर में कोहराम मच गया है। घटना कब हुई और कैसे हुई, यह किसी को जानकारी नहीं है। लेकिन शव की स्थिति देखने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना सुबह में गुजरने वाली ट्रेन से हुई है। स्थानीय लोग जब सुबह में टहलने के लिए निकले थे तो रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी।थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। यह घटना सुसाइड है या दुर्घटना इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। परिजनों से पूछताछ करने के बाद हीं कुछ कहा जा सकता है।

### अनियंत्रित बाइक पलटा युवक घायल

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डेबरिया मे अनियंत्रित बाइक से गिर एक 19 वर्षीय युवक गिर गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक डेबरिया निवासी सुदामा राम बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि युवक बाइक से कहीं जा रहा था तभी बाइक अनियंत्रित हो पलट गई जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की पहल से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अविनाश कुमार ने स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर पर कर दिया है।

### दो बच्चों की हुई झड़प एक का सिर फटा, इलाजरत

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 में दो बच्चों में खेलने के दौरान एक का सर फट गया जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल मासूम वार्ड पंच निवासी हिमांशु कुमार बताया गया है।परिवार वालों की सहायता से आनन-फानन में बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अविनाश कुमार ने उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर पर कर दिया है।

### लू के चपेट मे आने से 65 वर्षीय बृद्ध हुआ बीमार, चल रही उपचार

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के लहेरी गांव में लू लगने से एक वृद्ध गंभीर रूप से बीमार हो गया. बीमार व्यक्ति की पहचान ग्राम लहेरी निवासी 65 वर्षीय रामाशीष राम के रूप में हुई है. परिजनों की सहायता से उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार के देखरेख में उपचार चल रहा है।

### एसडीएम के जनता दरबार में 54 मामले का किया गया निष्पादन



**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज में एसडीएम के जनता दरबार में 54 मामले का किया गया निष्पादन । सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास दिपक कुमार मिश्र के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये। एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आयोजित जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए थे। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 54 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 30, राशन कार्ड से संबंधित 13 एवं अन्य 11 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। सभी ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं तथा एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन करने के उपरांत शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनकी समस्याओं का समाधान हीं हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ और कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### जामुन तोड़ने के दौरान किशोर हाई वोल्टेज तार पर गिरा, करंट से गंभीर रूप से झुलसा

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना क्षेत्र के कुसहीं रोड स्थित सोनी मोड़ के समीप शुक्रवार को जामुन तोड़ने के दौरान एक किशोर हादसे का शिकार हो गया। पेड़ की टहनी टूटने से वह नीचे से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन पर जा गिरा, जिससे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल किशोर की पहचान सासाराम थाना क्षेत्र के समरडीहां गांव निवासी अशोक कुमार राय के 17 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि धीरज अपने रिश्तेदार राधेश्याम राय के घर सोनी गांव में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ सड़क किनारे लगे जामुन के पेड़ पर फल तोड़ने के लिए



चढ़ा था। इसी दौरान पेड़ की एक टहनी अचानक टूट गई, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की लाइन पर जा गिरा। करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे धीरज को स्थानीय लोगों की मदद से पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह ने तत्काल करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अस्पताल ले जाने के दौरान स्थानीय बाजार में लगे सड़क जाम के कारण एंबुलेंस करीब आधे घंटे तक फंसी रही, जिससे घायल को समय पर इलाज मिलने में देरी हुई। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

# प्रेम प्रसंग और ब्लैकमेल के कारण महिला की हत्या, 2 आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डिहरी (रोहतास)** जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक शादीशुदा महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और घटना में प्रयुक्त कार व मोबाइल बरामद किए हैं। डालमियानगर थाना अंतर्गत मकराइन निवासी फरहान खान, पिता स्व. फिरोज खान उर्फ कल्लू खान ने 29 जून को अपनी मां रानी खातून के अपहरण का मामला स्थानीय थाने में दर्ज कराया था। इस मामले में उन्होंने कुछ लोगों को नामजद अभियुक्त भी बनाया था।

अपहरण के अनुसंधान के दौरान प्रभारी एसडीपीओ डेहरी वन गौरव यादव के नेतृत्व में गठित टीम को 2 जुलाई को सूचना मिली कि 27 जून को ही बगल के औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र में पटना कैनाल नहर सड़क के पश्चिमी किनारे, बलुआ गांव जाने वाली सड़क से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। इस संबंध में बारुण थाने में कांड संख्या 257/26 दर्ज है। सूचना मिलते ही टीम औरंगाबाद शवगृह पहुंची, जहां शव की पहचान मकराइन निवासी रानी खातून के रूप में हुई।

मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे, वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसके आधार पर पूरा मामला सामने आया। जांच में पता चला कि रानी खातून का पिछले 2 वर्षों से मकराइन निवासी विकास कुमार, पिता धीरज कुमार से अवैध संबंध था। रानी के पास विकास की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें थीं, जिनके जरिए वह उसे ब्लैकमेल कर रही थी।

इससे परेशान होकर विकास कुमार ने अपने सहयोगी अविनाश कुमार उर्फ बिट्टू के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। दोनों ने रानी को स्विफ्ट कार संख्या JHO1 CX0640 से औरंगाबाद की ओर सुनसान रास्ते पर ले गए और उसके दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। शव छिपाने के उद्देश्य से उसे बारुण थाना क्षेत्र की नहर में फेंक दिया। पुलिस के सामने विकास कुमार और अविनाश कुमार ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त चारपहिया स्विफ्ट कार JHO1 CX0640 और 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

मृतका रानी खातून रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र के अपराधी कल्लू खान(रानी के पति) की हत्या मामले की गवाह थी। कल्लू खान हत्या कांड में इजहार खान सहित अन्य लोग आरोपी थे। इजहार खान 3 महीने पहले ही जेल से छूटकर आया था। रानी को 7 जुलाई को कोर्ट में गवाही देनी थी। हत्या के बाद परिजनों ने इजहार खान सहित अन्य लोगों पर ही हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन जांच में मामला कुछ और ही निकला। आज 3 जुलाई को डालमियानगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रभारी एसडीपीओ डेहरी वन गौरव यादव ने बताया कि यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है और इसी कारण महिला की हत्या की गई।

## अवैध पेड़ कटाई बनी हादसे की वजह, सड़क पर गिरा पेड़; बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना क्षेत्र के सासाराम–चौसा मुख्य मार्ग पर खैरा स्थित एस.एन. कॉलेज के समीप शुक्रवार को अवैध पेड़ कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे लगे सरकारी पेड़ को काटते समय वह अचानक सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय वहां से गुजर रहे बाइक सवार दो युवक पेड़ की चपेट में आ गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान कोचस थाना क्षेत्र के बलसरी गांव निवासी अनुपम कुमार मिश्रा, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में गार्ड के पद पर कार्यरत हैं, तथा उसी गांव के प्रकाश कुमार वर्मा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों बाइक से करगहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एस.एन. कॉलेज के समीप कुछ लोग सड़क किनारे लगे सरकारी पेड़ की कटाई कर रहे थे। पेड़ अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा और दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अवैध पेड़ कटाई को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा सड़क किनारे सरकारी पेड़ों की अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## सेंट्रिंग लदा पिक अप पलट गया जिसके चपेट में आने से पिक से दबकर एक व्यक्ति की हुई मौत





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नासरीगंज /रोहतास।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के डेहरी बिक्रमगंज पथ पर शबदला गांव के समीप गुरुवार देर शाम में सेंट्रिंग लदा पिक अप पलट गया जिसके चपेत में आने से पिक से दबकर एक व्यक्ति की मौत हुई। मृतक़ शबदला गांव निवासी स्वर्गीय दरिक्षण चौधरी के 55 वर्षीय पुत्र सुरेश चौधरी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिक्रमगंज से डेहरी की ओर सेंट्रिंग लदा पिक तेज रफ्तार में जा रहा था। उसी क्रम में आगे के वाहन से पिक अप ओवरटेक करने के क्रम में सड़क से पिक अप का एक चक्का उतर गया, पुनः सड़क पर चढ़ाकर ओवरटेक करने के प्रयास में पिक अप पूरी तरह पलट गया। बगल से मृतक़ सड़क पार घर जा रहे थे कि अचानक पिक के पलटने से वह इसके जद में आ गये और पिक अप के निचे दब गये जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पिक अप चालक वाहन छोड़ फ़रार होने में सफल रहा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को व मृतक़ के स्वजनों को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासारम भेज दिया। मृतक़ हलवाई का कार्य किया करते थे घटना के दिन भी सट्टा लिखने जा रहे थे कि उक्त घटना घटी। मृतक़ अपने पीछे पत्नी दो पुत्र और दो पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

उक्त घटना को ले स्वजनों व सगे सम्बन्धियों का रोरो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को स्वजनों को शुक्रवार को सौंप दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया है। पिक अप को जब्त कर पुलिस जांच में जुट गई है। प्रमुख योगेश कुमार, मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र चौधरी ने मृतक़ के स्वजनों को यथाशीघ्र सड़क दुर्घटना मुआवजा देने की मांग प्रशासन से किया है।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ताओं को मिल रही आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बिजली सेवा : विद्युत अधीक्षण अभियंता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम एवं डेहरी क्षेत्रों में नॉर्मल बिजली मीटरों के स्थान पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर तेजी से लगाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य बिजली आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी बनाना है। स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है तथा इसके लिए उपभोक्ताओं से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है।



विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के माध्यम से बिजली खपत का डेटा स्वतः बिलिंग सर्वर तक पहुंचता है, जिससे मीटर रीडर पर निर्भरता समाप्त होती है और बिलिंग प्रक्रिया अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनती है। इससे उपभोक्ताओं को त्रुटिरहित बिजली बिल मिल रहे हैं तथा बिलिंग संबंधी शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई है।

उन्होंने बताया कि रोहतास जिले में अब तक कुल 134392 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के शहरी क्षेत्र में 33912, ग्रामीण क्षेत्र में 56667 तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल डेहरी के शहरी क्षेत्र में 15261 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 28552 स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के माध्यम से उपभोक्ता रियल टाइम में अपनी बिजली खपत, उपलब्ध बैलेंस और रिचार्ज की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे मीटर रिचार्ज, बिजली खपत का विवरण तथा अन्य सेवाओं का लाभ भी आसानी से लिया जा सकता है।

उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन से पूर्व बकाया राशि के भुगतान के लिए किस्त सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त नए बिजली कनेक्शन पर प्रतिभूति राशि नहीं ली जाती। सोलर उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर को ही नेट मीटर में परिवर्तित करने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे अतिरिक्त उत्पादित बिजली का समायोजन बिजली बिल में किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि विशेष परिस्थितियों में यदि किसी कारणवश बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, तो उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में उपलब्ध पुश बटन का उपयोग कर महीने में एक बार 72 घंटे तक अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति बहाल कर सकते हैं।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापन में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह व्यवस्था बिजली बिलिंग में पारदर्शिता, बेहतर निगरानी, ऊर्जा संरक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना क्षेत्र के गोरी गांव की एक विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अपने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध करगहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच के साथ आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।




पीड़िता रिमझिम कुमारी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वर्ष 2020 में उसकी शादी गोरी गांव निवासी दुलार राम के पुत्र शिवबली कुमार के साथ हुई थी। विवाह के कुछ दिनों बाद ही पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और गाली-गलौज कर प्रताड़ित किया जाता था।

पीड़िता का आरोप है कि पारिवारिक सलाह पर वह कुछ समय के लिए अपने मायके चली गई थी, लेकिन बाद में फिर ससुराल लौट आई। इसके बावजूद उसके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा। लोक-लाज और परिवार की बदनामी के डर से उसने पहले पुलिस में शिकायत नहीं की।

आवेदन के अनुसार, वर्ष 2023 में उसके पति ने उसे अपने से अलग कर दिया। तब से वह मजदूरी कर अपना जीवन-यापन कर रही है। इसके बावजूद पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

मामले में पति शिवबली कुमार, सास गिरिजा देवी, ससुर दुलार राम, देवर राजदेव राम और भैसुर शंकर राम को आरोपित बनाया गया है।

एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## महारानी मंदिर के समीप खंडहरनुमा मकान से 181.93 लीटर विदेशी शराब बरामद, स्कूटी जब्त



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए माफी गांव स्थित महारानी मंदिर के दक्षिण स्थित खंडहरनुमा मकान के पास छापेमारी कर 181.93 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की। मौके से एक एक्टिवा स्कूटी भी जब्त की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर कुछ लोग अवैध विदेशी शराब का भंडारण कर उसकी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकरीबराव के नेतृत्व में वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी एवं पुलिस बल की टीम गठित कर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद हुई, जबकि धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

बरामद शराब में 12 बोतल मैजिक मोमेंट्स (375 एमएल), 4 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड (750 एमएल), 54 बोतल रॉयल स्टेज (750 एमएल), 5 बोतल इम्पीरियल ब्लू (750 एमएल), 26 बोतल जॉर्ज विलियम (180 एमएल), 203 कैन गॉड फादर बियर (500 एमएल) तथा 48 कैन बडवाइजर बियर (500 एमएल) शामिल हैं। कुल बरामद शराब की मात्रा 181.93 लीटर बताई गई है।

इस मामले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 458/26 दिनांक 03 जुलाई 2026 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार शराब कारोबारियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## डालमियानगर थाना कांड सं0-132/26, दिनांक-29.06.26, धारा-140 (बी) / 3(5) BNS का सफल उद्भेदन एवं दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** दिनांक-29.06.2026 को थानाध्यक्ष डालमियानगर को फरहान खॉ के लिखित आवेदन के आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि उसकी मॉ रानी खातुन ग्राम-मकराईन थाना-डालमियानगर जिला रोहतास को कुछ नामजद अभियुक्तों के द्वारा अहपहण कर लिया गया है।

कांड की गम्भीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी-01 के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमे थानाध्यक्ष डालमियानगर एंव तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई, रोहतास की टीम को भी शामिल किया गया।

अनुसंधान के दौरान दिनांक-02.07.2026 को गठित पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि दिनांक-27.06.26 को ही एक अज्ञात महिला का शव बारूण थानाक्षेत्र के पटना केनाल नहर सड़क के पश्चिम किनारे भलुआ गाँव जाने वाली सड़क के आहर से बरामद हुई है जिसके संदर्भ में बारूण थाना कांड संख्या-257/26 दिनांक-28.06.2026 धारा-103 (1)/238 बी०एन०एस० दर्ज किया गया है। शव की पहचान के लिए शव को शवगृह में रखते हुए मृतिका का फोटो सीमावर्ती जिला/ थानों में सोशल मिडिया के माध्यम से अवगत कराया गया था। सूचना मिलते ही गठित टीम के द्वारा उक्त शव की पहचान शवगृह औरंगाबाद पहुँचकर कराया गया जो डालमियानगर थानाक्षेत्र के रानी खातुन ग्राम-मकराईन के रूप में हुई।

गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा विभिन्न पहुलओं पर गहन अनुसंधान प्रारंभ किया गया। सी०सी०टी०वी० फुटेज, वैज्ञानिक एवं तकनिकी साक्ष्यों, घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों तथा आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर इस काण्ड का उद्भदन किया गया।

अनुसंधान के क्रम में इस घटना में संलिप्त अभियुक्त विकाश कुमार पे०-धिरज कुमार सा०-मकराईन




थाना-डालमियानगर जिला-रोहतास को डालमियानगर थानाक्षेत्र के ग्राम-मकराईन से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया एवं उनसे पूछताछ की गई तो उनके द्वारा घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि इनका एंव मृतिका रानी खातुन का विगत दो वर्षों से अवैध संबंध था। जॉच के क्रम में यह भी पता चला है कि मृतिका के पास अभियुक्त की कुछ आपत्तीजनक तस्वीरें थी, जिनके आधार पर वह कथित रूप से उसे ब्लैकमेल कर रही थी जिससे तंग आकर अभियुक्त ने अपने सहयोगी अविनाश कुमार उर्फ बिटु के साथ मिलकर हत्या करने की योजना बनाया।

पुलिस अभिरक्षा में लिए विकाश कुमार से अग्रतर पुछताछ के क्रम में इसने बताया कि ये दोनों ने मृतिका को एक स्वीफ्ट चारपहिया वाहन में बैठाकर औरंगाबाद की ओर सुनसान स्थान पर ले जाकर वाहन में हीं दोनों ने मिलकर उसके हीं दुपट्टा से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी तथा साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को बारूण थानाक्षेत्र के एक नहर में फेंक दिया।

गठित पुलिस टीम के द्वारा अविनाश कुमार उर्फ बिट्टु पे०-रामप्रवेश सिंह सा० थाना-डालमियानगर जिला-रोहतास को डालमियानगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया एवं दोनों अभियुक्तो के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चार चक्का स्वीफ्ट वाहन ग्राम-मकराईन से बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधीक इतिहास के संबंध में जॉच किया जा रहा है। गठित पुलिस टीम के सभी सदस्यों को उनके इस सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है।

## सासाराम संसद ने शोकाकुल परिवार से मिल की शोक संवेदना व्यक्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** सासाराम लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद माननीय मनोज राम ने शुक्रवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य मुन्ना पासवान के दादा स्वर्गीय जगन्नाथ पासवान के आवास पर पहुँचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं साहस बनाए रखने का संबल दिया और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।इस



अवसर पर सांसद महोदय के साथ उनके अनेक सहयोगी,रामप्रवेश सिंह कुशवाहा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रभाकर नसरुद्दीन राय कमलेश चौबे धनंजय कुमार पांडे उमाशंकर गुप्ता ललन चौबे उपेंद्र राम रामाशीष राम कुडोस अंसारी रामबाबू विक्रम पासवान छोटन पासवान बबन पासवान रामनारायण सिंह जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं समर्थक भी उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय जगन्नाथ पासवान के व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं।शोकाकुल परिवार ने सांसद एवं उनके साथ आए सभी सम्मानित अतिथियों का इस दुःख की घड़ी में साथ खड़े रहने एवं संवेदना प्रकट करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### धारदार हथियार से वारकर युवक का मर्डर

**अररिया।** अररिया के हरियाबाड़ा में एनएच-27 पर एक 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। युवक खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे मिला था, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हरियाबाड़ा वार्ड संख्या 09 निवासी मो. शरीफ के पुत्र समीउल्लाह के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार देर रात की है।

**रास्ते में ही मौत हो गई:** परिजनों के अनुसार, समीउल्लाह अपने घर से करीब 200 मीटर दूर सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल पड़ा था। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तुरंत सदर अस्पताल अररिया ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**आपसी विवाद के चलते चाकू से कई वार:** परिजनों ने बताया कि समीउल्लाह पर आपसी विवाद के चलते चाकू से कई वार किए गए थे। उसके पेट और गर्दन पर धारदार हथियार के गहरे जख्म के निशान मिले हैं। हत्या के बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ सुशील कुमार और आरएस थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीपीओ ने परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

**मामले का जल्द खुलासा करने का दावा:** सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि उन्हें हरियाबाड़ा एनएच-27 के पास एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की सूचना मिली थी, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही इसका खुलासा करने का दावा किया।

### मद्य निषेध विभाग ने कार से 588 बोतल बीयर किया बरामद, चालक हुआ फरार

**अररिया।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने बीती मध्य रात्रि को टाटा कंपनी के कार से भारी मात्रा में बीयर बरामद किया।बरामद बीयर पश्चिम बंगाल में बिक्री के लिए है, जिसे तस्करी कर पश्चिमबंगाल के सिलीगुड़ी से किशनगंज के रास्ते फारबिसगंज की ओर जा रहा था। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने हरियाबारा टॉल प्लाजा के पास नहर के पास रात्रि करीबन साढ़े बारह बजे की।हालांकि चालक चेकिंग को देखकर पहले ही गाड़ी को खड़ा कर भागने में कामयाब रहा। जानकारी मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने शुक्रवार को दी। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि विदेशी शराब की बड़ी खेप किशनगंज से फारबिसगंज की तरफ फोर लेन सड़क से जाने वाली है। प्राप्त सूचना के आधार पर एसआई पूजा कुमारी के नेतृत्व में एक मद्य निषेध टीम का गठन किया गया। दल में एएसआई मुन्ना कुमार सिंह एवं मद्य निषेध सिपाही एवं प्रतिनियुक्त गृहरक्षक बल के जवान शामिल थे। अररिया-पटना फोर लेन पर आरएस थाना अन्तर्गत हरियाबारा टोल प्लाजा के पास पहुंच कर नहर वाले रोड पर संदिग्ध वाहन का जांच प्रारम्भ किया। संदिग्ध वाहन संख्या डब्ल्यूबी74बीएच 8991 घूमा कर भागने का प्रयास किया एवं कुछ दूरी पर वाहन छोड़ कर वाहन चालक भागने में सफल रहा। वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में एवं पिछले सीट के नीचे छुपा कर रखा गया 294 लीटर बीयर बरामद हुआ।मामले में वाहन मालिक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज करने की बात उत्पाद अधीक्षक ने कही।

### पूर्णिया सांसद पप्पू यादव शोकाकुल परिवार से मिलकर की आर्थिक सहायता

**अररिया।** जिला के भरगामा थाना क्षेत्र के धनेश्वरी गांव के मेहता टोला में बीते दिनों अपराधियों के द्वारा संजय मेहता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिले और दस हजार रूपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पीड़ित परिवार को हरसंभव कानूनी सहायता प्रदान करने का वचन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार वालों से मिलकर घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दुख को इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ होने की बात कही। मौके पर सांसद पप्पू यादव ने घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। पूर्णिया सांसद ने सम्राट चौधरी को सरकार बनने के बाद बिहार में विधि व्यवस्था ध्वस्त होने की बात करते हुए कहा कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय वाहन चेकिंग,हेलमेट नहीं पहनने वालों से जुर्माने की राशि वसूलने,शराब पकड़ने और नेपाल सीमा पर संचालित ड्रग्स माफियाओं से पैसे की वसूली करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के वे साथ हैं और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हरसंभव कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। मौके पर प्रिंस विक्टर,जयप्रकाश यादव समेत बड़ी संख्या में उनके समर्थक और ग्रामीण मौजूद थे।

### प्लास्टिक बैग मुक्ति को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**अररिया।** विश्व प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस पर प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा के बच्चों ने आम ग्रामीणों में जागरूकता को लेकर शुक्रवार को तिरसकुंड में जागरूकता रैली निकाली। इससे पहले स्कूल में दिवस ज्ञान की जानकारी बच्चों को दी गई और बताया गया कि किस तरह प्लास्टिक पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने बच्चों को बताया कि 3 जुलाई को प्लास्टिक बैग निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य लक्ष्य लोगों को एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक बैग के नुकसान के बारे में बताना है। यह दिवस लोगों को कपड़े या जूट के थैले इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करता है।जल जीवन हरियाली को प्लास्टिक थैली से काफी नुकसान होता है।जीव जंतुओं के लिए भी यह काफी नुकसानदेह है। प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने प्लास्टिक बैग के बदले जूट या कपड़े के बने थैलों के इस्तेमाल पर जोर देने की बात कही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीणा टुड्डू ने भी अपने संथाली भाषा में बच्चों एवं अभिभावकों को प्लास्टिक बैग का प्रयोग नहीं या कम-से-कम करने की अपील की।मौके पर बच्चों ने प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने को लेकर नारेबाजी भी की।

### मुख्य सचिव ने गंगा संरक्षण स्कीम्स की रिव्यु की

**बांका।** बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार राज्य गंगा समिति की सातवीं बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस बैठक में राज्यभर में गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बांका समाहरणालय सभागार से जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने इस बैठक में भाग लिया।

**योजनाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया:** बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलों के पदाधिकारियों और संबंधित विभागों को गंगा संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि गंगा और अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

**योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर:** मुख्य सचिव ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, हरित आवरण बढ़ाने, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जन-जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाने का निर्देश दिया, यह कहते हुए कि आम लोगों की भागीदारी के बिना पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बांका जिले में गंगा संरक्षण, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

**प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया:** उन्होंने निर्देशों के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

# घरों पर पलटा हाइवा, बच्ची के 20 टुकड़े पिता ने बालू से निकाला बेटे का शव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार हाइवा 3 घरों पर पलट गया। इसमें 3 लोगों की मौत हुई है। लोगों ने बताया कि हाइवा की स्पीड करीब 60-70 के करीब थी। एकदम से उसका टायर फटा। गाड़ी का बैलेंस बिगड़ा और बालू लदा ट्रक सड़क किनारे बने 3 घरों पर पलट गया। गाड़ी के नीचे दबने से 2 बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुड्डू डोम के बेटी राधा कुमार (4), अंकुश कुमार (3) और भिखारी डोम की पत्नी इंदु देवी (50) के तौर पर हुई है। 3 साल की राधा की बॉडी 20 से ज्यादा टुकड़ों में मिली। पिता अपने हाथ से बेटी के टुकड़े चुनते रहे। 4 साल का अंकुश बालू के ढेर में दबा था। पिता ने बालू हटाकर उसे निकाला तो लाश मिली। चादर में रखकर वो उसे अस्पताल ले गए। 50 साल की इंदु देवी हाइवा के नीचे दबी थीं। उनकी बॉडी निकालने के लिए JCB बुलवानी पड़ी। हादसे में 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।



**अचानक से तेज आवाज आई, हाइवा पलट गया:** हादसे में भिखारी डोम की पत्नी की भी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि सुबह के करीब 8 बजे थे। घर में खाना बन रहा था। खाकर मजदूरी के लिए जाने की तैयारी थी। मैं घर में ही बैठा था। अचानक से तेज आवाज आई। ये इतनी जल्दी हुआ कि कुछ समझ ही नहीं आया। एक पल के लिए आंखें बंद सी हो गई। आंख खुली तो देखा कि हाइव हमारे घरों पर पलटा है। मेरी पत्नी बालू लदे ट्रक के नीचे दबी थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमारी मदद के लिए आसपास के कुछ लोग आए। पुलिस को भी बोला गया था, लेकिन पुलिस को आने में 1 घंटे लग गए। पुलिस अपने साथ एंबुलेंस भी लेकर नहीं आई थी। आसपास के कुछ लोगों की मदद से हमने बालू में दबे लोगों को बाहर निकाला और ऑटो सो अस्पताल भिजवाया।

**5 से 10 मिनट तक नीचे दबी रही:** इस हादसे में ममता को भी चोट आई है। उन्होंने बताया कि हम सुबह घर में अपना काम कर रहे थे। अचानक से हाइवा आकर पलट गया। मैं बालू और हाइवा की चपेट में आ गई। पैर में चोट आई है। 5 से 10 मिनट तक मैं वहीं दबी रही। कुछ लोगों ने मुझे वहां से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हाइवा और बालू के नीचे 10 से ज्यादा लोग दबे थे। 2 बच्चे भी थे। थोड़ी देर पहले ही मैंने दोनों से बात की थी। वो बहुत प्यारे थे। मेरे साथ खेलते थे। अस्पताल आई तो मैंने उनके बारे में पूछा पता चला कि वो दोनों मर चुके हैं।

**लोगों ने 45 मिनट नेशनल हाई-वे जाम किया:** पुलिस ने बताया कि हाइवा खगड़िया से नवगछिया की तरफ जा रही थी। टायर ब्लास्ट होने की वजह से ये हादसा हुआ। सूचना के बाद ट्रैफिक DSP अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। JCB की मदद से बालू नीचे दबी लाश को निकाला गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने NH-31 को लगभग 45 मिनट तक जाम कर दिया। प्रशासन और पुलिस के प्रयास से स्थिति को नियंत्रित कर जाम हटाया गया, जिसके बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो गया। DSP अनिल कुमार ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सड़क के सिंगल लेन होने और ओवरस्पीडिंग के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं।

# शादी से पहले दूल्हे की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बीते रात सड़क हादसे में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना मंझौल-हसनपुर सड़क पर गढ़पुरा थाना क्षेत्र में गढ़पुरा कॉलेज की पास की है। मृतक की पहचान गढ़पुरा थाना क्षेत्र स्थित कनौसी गांव के रहने वाले असर्फी की दास के बेटे अजय कुमार (21) के रूप में हुई है। अजय कुमार की शादी तय हो चुकी थी। कार्ड छपने के लिए दे दिया गया था और इसी 12 जून को उसकी शादी होनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। लेकिन इससे पहले ही हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बीते रात अजय के चचेरी भतीजी की शादी थी। उसमें कुछ सामान लाने के लिए रात में वह गढ़पुरा बाजार जा रहा था। इसी दौरान कॉलेज से आगे बढ़ते ही आरा मशीन के पास किसी ट्रक ने कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गढ़पुरा पीएचसी पहुंचाया।

**ट्रक की चपेट में आने से गई जान:** लेकिन स्थिति गंभीर रहने के कारण बेगूसराय रेफर कर दिया गया था। जहां की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक पर तीन लोग सवार थे। जिसमें से अजय की मौत हो गई, जबकि रुदल दास का बेटा नीतीश कुमार (19) और बमबम दास का दामाद सत्तन कुमार (28) घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे गिट्टी रखी हुई थी। तेज रफ्तार ट्रक से बचाना चाहा, लेकिन गिट्टी रखे होने के कारण वह बच नहीं सका और ट्रक की चपेट में आ गया। मृतक के चचेरे भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि अजय कभी गांव में, तो कभी परदेस में रहकर मजदूरी करता था। 12 जून को उसकी शादी होने वाली थी। इससे पहले बीते रात चचेरी भतीजी की शादी थी। अचानक कुछ सामान की आवश्यकता होने वह बाइक से गढ़पुरा बाजार गया था।



# सामुदायिक संस्थाओं की मजबूती के लिए जीरो ऑफिस-डे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) राज्य कार्यालय के निर्देश पर सामुदायिक संस्थाओं को और अधिक सशक्त, सक्रिय और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय जीरो ऑफिस डे कार्यक्रम आयोजित हुआ। बेगूसराय में आज इसका समापन हो गया। विभिन्न विभागों के कार्यों में गति और प्रभावशीलता लाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दो दिवसीय जीरो ऑफिस डे कार्यक्रम के तहत राज्य, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों और मेंटर्स की ओर से विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और संकुल स्तरीय संघों का क्षेत्र भ्रमण कर उनकी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया गया और आवश्यक मार्गदर्शन किया गया। इसके तहत राज्य प्रतिनिधि सह जिला मेंटर परियोजना प्रबंधक आशा, जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार, जिला स्तरीय अन्य प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा अन्य कर्मियों ने चयनित सामुदायिक संस्थाओं का दौरा कर उनके संचालन, वित्तीय प्रबंधन, बैठक व्यवस्था, आजीविका गतिविधियों एवं विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुपालन की समीक्षा की।




**आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन भी दिया:** संस्थाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए, उन्हें आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन भी दिया गया। जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों ने रैंडम आधार पर चयनित स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और संकुल स्तरीय संघों का भ्रमण किया।

# 3 दिन बाद खुला गोलीबारी का राज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के तेघड़ा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इतनी बड़ी घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुरुवार को जब मामला मामला सामने आया, तब पुलिस ने आनन-फानन में जांच शुरू की है। घायल युवक की पहचान आधारपुर निवासी बुद्धिनाथ त्रिपाठी (22) के रूप में हुई है। घायल का इलाज बेगूसराय के ही एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना के तीन दिन बाद भी परिजन की ओर से थाने में कोई शिकायत या प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

**स्मैक के कारोबार से जुड़ रहे तार:** घटना को लेकर इलाके में चर्चा जोरों पर है कि घायल बुद्धिनाथ त्रिपाठी का कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से उठना-बैठना था। गोलीबारी की मुख्य वजह आपसी रंजिश या स्थानीय गैंगवार बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि 29 जून की रात स्मैक सहित अन्य नशीला पदार्थ पने और अवैध कारोबार के लेनदेन के विवाद में उसे दो गोली मारी गई। गोली लगने के बाद पुलिस के डर से उसके दोस्तों ने गुपचुप तरीके से उसे बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन पकड़े जाने के डर से कोई भी कुछ स्पष्ट बताने को तैयार नहीं था। गुरुवार को शरीर में गोली फंसे रहने और स्थिति अधिक बिगड़ने के कारण उसे दूसरे अस्पताल में ले जाया गया है।



**20 दिन पहले भी बिगड़ी थी हालत:** ग्रामीणों के अनुसार करीब 20 दिन पूर्व भी अत्यधिक नशा करने के कारण युवक की तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उसे भर्ती कराना पड़ा था। दो भाइयों में छोटा बुद्धिनाथ और उसका बड़ा भाई, दोनों ही अपनी खराब संगति को लेकर क्षेत्र में पहले भी चर्चा में रहे है। पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू पुलिस की सूचना प्रणाली की विफलता है। आमतौर पर गोलीबारी जैसी संगीन घटनाओं की जानकारी अस्पताल प्रशासन या स्थानीय चौकीदारों के माध्यम से तत्काल पुलिस तक पहुंच जाती है, लेकिन इस मामले में तीन दिनों तक सूचना का पूरी तरह से दबा रहना स्थानीय स्तर पर सूचना के आदान-प्रदान और पुलिस की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े करता है।

# जिले के 218 पैक्स में 148 का कंप्यूटरीकरण, 66 प्रक्रियाधीन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** जिले के 218 पैक्स में से 214 का चयन कंप्यूटरीकरण के लिए किया गया, जिनमें 148 पैक्स का कंप्यूटरीकरण एवं संचालन प्रारंभ हो चुका है। जबकि शेष 66 पैक्स में प्रक्रिया जारी है।जिसे डीएम विनोद दूहन ने शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। जानकारी जिला सहकारी विकास समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान दी गई।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 में 44 जीविका महिला विकास स्वावलंबी समितियों का निबंधन किया गया है। बैठक में किसान उत्पादक संगठन के गठन की प्रगति पर भी चर्चा हुई।अररिया के बटूरबारी एवं सिकटी के बेंगा में दो एफपीओ का गठन एवं निबंधन पूरा कर लिया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 218 पैक्स में से 198 पैक्स में सीएससी आईडी सक्रिय हो चुकी है। अब तक 2,502 ट्रांजैक्शन के माध्यम से लगभग 84.63 लाख रुपये का व्यवसाय किया गया है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की स्थापना की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 12 पैक्स द्वारा आवेदन किया गया था, जिनमें से 10 को स्वीकृति मिल चुकी है।

# दो अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के लोदीपुर थाना क्षेत्र स्थित बाइपास मुख्य सड़क पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में जिछो गांव के दो लोगों की मौत हो गई है। एक ही दिन में गांव के दो लोगों की जान जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बाइपास मुख्य सड़क को जाम कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पहला हादसा उस समय हुआ जब जिछो गांव निवासी शालिग्राम यादव के बेटे अरविंद यादव अपने टोटो से एक बच्चे को बिरला स्कूल छोड़ने के लिए बाइपास मुख्य सड़क की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अरविंद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दोपहर करीब 3 बजे उसी बाइपास सड़क पर एक और दुर्घटना हो गई। इस बार एक तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पार कर रहे जिछो गांव निवासी स्वर्गीय लब्बु मंडल के 65 साल के बेटे उपेन्द्र मंडल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उपेन्द्र मंडल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।



**दोषी चालकों की गिरफ्तारी की मांग:** एक ही दिन में गांव के दो लोगों की मौत की खबर फैलते ही जिछो गांव में मातम पसर गया। लोगों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए दोषी वाहन चालकों की तत्काल गिरफ्तारी, मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा और बाइपास पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की। सड़क जाम की सूचना मिलते ही लोदीपुर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी प्रेरणा सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता और समझाइश के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया, जिसके बाद बाइपास पर यातायात फिर से सामान्य हो सका। प्रशिक्षु डीएसपी सह लोदीपुर थाना प्रभारी प्रेरणा सिंह ने बताया कि दोनों सड़क हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पहले मामले में अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि दूसरे मामले में हाइवा को पुलिस ने जब्त कर लिया है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वही, उन्होंने कहा परिजनों ने मुआवाजे की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम किया था, आश्वासन देने के बाद लोग सड़क को खाली कर दिया।

# गर्लफ्रेंड ने किया बिल्डर का मर्डर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में बिल्डर बजरंगी नीलकंठ (48) हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बिल्डर की हत्या उसकी प्रेमिका ने की थी। पुलिस ने पीरपैंती से उसे गिरफ्तार किया है। वारदात वाली रात बजरंगी ने नशे की हालत में फिजिकल रिलेशन बनाया। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद महिला ने उसके सोने का इंतजार किया। सोने के बाद धारदार हथियार से पहले गले पर, फिर आंख पर वार किया। इसके बाद उसने बजरंगी का प्राइवेट पार्ट काट दिया। 2 जुलाई (गुरुवार) को तिलकामांझी थाने से 10 कदम दूर ऑफिस के अंदर बिल्डर की न्यूड बॉडी मिली थी। महिला ने अवैध संबंध की बात को स्वीकार किया है। पुलिस की पूछताछ में बताया कि बिल्डर ने अनकंडीशनल सेक्सुअल रिलेशन बनाया। वो इनकार करती रही, लेकिन नशे में रहने के कारण उन्होंने कुछ नहीं सुना। इसी गुस्से में उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान मनोज कुमार यादव की बेटी सीमा कुमारी (32) के तौर पर हुई है। करीब 12 साल से दोनों का अफेयर चल रहा था। सीमा का मेडिकल कराया गया।



**कमरे में न्यूड बॉडी पड़ी थी:** बजरंगी नीलकंठ नगर हवाई हड्डे के पास रहते थे। बुधवार देर रात पत्नी ने फोन किया तो फोन नहीं उठाया। इसके बाद गुरुवार को पत्नी ऑफिस पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज दी, पर गेट नहीं खुला। पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर ऑफिस में घुसी। कमरे में बजरंगी की न्यूड लाश पड़ी थी। बेड पर सामान बिखरा हुआ था। कमरे में खून के निशान थे, जिन्हें साफ करने की कोशिश की गई थी। पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वो अक्सर रात का खाना खाने के बाद थोड़ी देर के लिए अपने ऑफिस जाते थे। वहां से वो 1-2 घंटे में घर लौटते थे और फिर हम लोगों के साथ ही सोते थे, लेकिन उस दिन ऐसा नहीं हुआ।

**पार्टनर की निशानदेही पर खुलासा:** SSP प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मामले के सामने आने के बाद 5 सदस्यीय SIT टीम बनाई गई थी। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मानवीय सूचना और टेक्निकल एविडेंस के आधार पर छापेमारी शुरू की। पुलिस ने मृतक के बिजनेस पार्टनर से पूछताछ की, जिसकी निशानदेही पर प्रेमिका का पता चला। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक महिला सिर पर हेलमेट और हाथ में थैला लेकर निकलती दिखाई दी। वह थोड़ी दूर जाकर सड़क पर ऑटो में बैठी और महागामा के रास्ते झारखंड होते हुए पीरपैंती चली गई। पुलिस ने सभी बिंदुओं को जोड़ते हुए महिला के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया। इसके बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी की गई, जहां से वारदात में इस्तेमाल दबिया, थैले में रखे प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड बरामद किए गए।

**सेक्सुअल रिलेशन बनाने को लेकर मर्डर या प्रॉपर्टी विवाद?** पुलिस की थ्योरी और घटनाक्रम पूरी तरह अलग है। अगर 12 साल से अमृता रिलेशनशिप में थी तो रात में ऐसी क्या स्थिति हुई कि वो इतने गुस्से में आ गई।

## युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

**अररिया।** जिले के आरएस थाना क्षेत्र में बीती रात्रि अज्ञात अपराधियों ने एक 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दी। युवक खून से लथपथ घर से करीब दो सौ मीटर दूर हरियाबाड़ा स्थित एनएच-27 किनारे मिला। जिसे आनन फानन में परिजन अस्पताल ले कर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में तनाव व्याप्त है। मृतक की पहचान हरियाबाड़ा वार्ड संख्या 9 निवासी मो. शरीफ के 25 वर्षीय पुत्र समीउल्लाह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल समीउल्लाह को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
ई—निविदा नोटिस सं.—25 ऑफ 2026—27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा सं.—14—डीडीयू—वं.मं.इंजी.—I—26—27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/ I/ डीडीयू के तहत जीसी सेक्शन के स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए रैंप, वॉटर बूथ, बैठने की व्यवस्था, टैक्टाइल पाथवे आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना। कार्य का अनुमानित लागत: ₹3,78,78,195.58, धरोहर राशि: ₹7,57,600/—
निविदा सं.—15—डीडीयू—वं.मं.इंजी.—I—26—27, कार्य का नाम एवं लोकेशन:सहायक मंडल इंजीनियर/ विक्रमगंज के अंतर्गत पीरो और गड़हनी स्टेशन पर सड़क का विकास। कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,89,10,375.18, धरोहर राशि : ₹3,78,200/—
ई— निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.07.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0489/डीडीयू/अभि./टी/26—27/36

## संक्षिप्त समाचार

### पानी में डूबे प्रश्नपत्रों के मामले में स्वच्छता पदाधिकारी से स्पष्टीकरण

**बक्सर**। प्रश्न पत्र डूबने के मामले में बक्सर नगर परिषद प्रशासन भी कार्रवाई की जद में आ गया है। सदर एसडीएम अविनाश कुमार ने नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। पूछा है कि राजकीय बुनियादी विद्यालय में जलजमाव कैसे हुआ, जबकि उसी कैम्पस में जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय भी चलता है। नगर परिषद के द्वारा समय रहते उपाय क्यों नहीं किए गए। बक्सर सदर एसडीएम अविनाश कुमार ने बताया कि उन्होंने डीईओ से पूरे मामले की जानकारी ली। डीईओ ने बताया कि नाली ओवरफ्लो होने से जलजमाव हुआ था। हालांकि प्रश्नपत्र प्लास्टिक में पैक होने की वजह से सुरक्षित थे। इससे पहले बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीईओ से इस मामले में स्पष्टीकरण पूछा। स्पष्टीकरण का जवाब एक दिन पहले डीईओ संदीप रंजन ने बोर्ड को भेज दिया है। डीईओ और डीपीओ को सरकार ने बदला बिहार सरकार ने बक्सर के जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप रंजन और डीपीओ (माध्यमिक) मो. नाजिश अली का तबादला कर दिया। इन्द्र कुमार कर्ण को नया डीईओ बनाया गया है। वह पहले मुजफ्फरपुर में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शिक्षा विभाग के निदेशक रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। पानी में डूब गए थे प्रश्न पत्रों के बंडल 9वीं, 10वीं व 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्नपत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा बक्सर डीईओ ऑफिस में भेजे गए थे। मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रश्नपत्रों के बंडल लेने राजकीय बुनियादी विद्यालय स्थित डीईओ कार्यालय पहुंचे। वहां पानी भरा था। प्रश्नपत्रों के बंडल को अपने विद्यालय के कोड के अनुसार प्रधानाध्यापकों ने खुद तलाशा। अफरातफरी मची रही। भास्कर ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने संज्ञान लेकर स्पष्टीकरण तलब किया।

### अधिवक्ता पर 15 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में दो को 8-8 साल की हुई सजा

**बक्सर**। करीब 15 साल पुराने अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में गुरुवार को अदालत ने फैसला सुनाया। जिला अपर सत्र न्यायाधीश-2 की अदालत ने औद्योगिक थाना कांड संख्या 21/12 में आरोपित विरेन्द्र कुमार चौबे, हरेन्द्र कुमार चौबे को दोषी करार दिया। अदालत ने हत्या के प्रयास समेत अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई। धारा 307 में दोनों को 8-8 वर्ष सश्रम कारावास मिला। 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। अदालत ने धारा 324 में दोनों को 2-2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। 10-10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। धारा 323 में 6-6 माह के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अपर लोक अभियोजक बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला 6 जून 2011 का है। अहिरौली निवासी अधिवक्ता प्रदुमन चौबे उस दिन न्यायालय गए थे। इसी दौरान घर से फोन पर सूचना मिली कि उनके गोतिया उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने इस आशंका की जानकारी अधिवक्ता संघ को दी। कोर्ट से घर लौटते समय सारीमपुर बगीचा के पास पहले से घात लगाए आरोपितों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि लाठी, भाला, रामी, कट्टा से हमला किया गया। वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। हमलावर फरार हो गए।

### हत्या के प्रयास के आरोपी समेत 13 आरोपी गिरफ्तार

**बक्सर**। बक्सर पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गंभीर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान हत्या के प्रयास के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, शराबबंदी कानून के तहत 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। अभियान के दौरान 25.125 लीटर विदेशी शराब भी बरामद की गई। इसके अलावा 1 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने लंबित मामलों के निष्पादन के क्रम में 12 वारंटों का तामिला कराया, जबकि 1 वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

### जरूरतमंद और असहाय की सेवा ही पुण्यः मंत्री

**आरा**। बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत से एक सामाजिक कार्यकर्ता ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें अपनी प्रकाशित स्मारिका दीनःदुखियों के दीपक भेट किया। मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ने मंत्री को पिछले 30 वर्षों से किए जा रहे अपने मानवीय एवं समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री दामोदर रावत ने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद और असहाय लोगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। साथ ही उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता को भविष्य में भी इसी समर्पण और निष्ठा के साथ जनसेवा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वीकेएसयूः 6 जुलाई तक स्नातक सेमेस्टर-वन में नामांकन की तिथि

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) ने स्नातक सत्र, 2026-30 के सेमेस्टर-वन (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में नामांकन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन कराने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 6 जुलाई 2026 तक कर दिया है। इससे पहले विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के लिए अंतिम तिथि 2 जुलाई निर्धारित की गई थी, लेकिन शुरुआती सुस्ती और तकनीकी कारणों को देखते हुए छात्र हित में यह राहत दी गई है। विश्वविद्यालय से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रथम मेधा सूची में कुल 63 हजार 544 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, लेकिन इसके मुकाबले अभी तक महज 2000 के करीब छात्र-छात्राओं ने ही अपना नामांकन कराया है। इस बीच, पहली मेधा सूची जारी होने के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अंगीभूत, नवस्थापित अंगीभूत और संबद्ध महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया को तेजी से अपडेट करने का कड़ा निर्देश दिया है। चयनित विद्यार्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल पर भी इसके संबंध में बकायदा सूचना भेज दी गई है। नई समय-सारणी के अनुसार, पहली मेधा सूची के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यार्थियों का नामांकन और उनके दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन आगामी 6 जुलाई तक अनिवार्य रूप से किया जाना है। चयनित छात्र-छात्राओं को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत अपने संबंधित कॉलेजों में जाकर कागजातों की जांच करानी होगी। प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन अवश्य कराएं विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि विद्यार्थी अपने प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन कराने के बाद पोर्टल पर अपना नामांकन अपडेट करना सुनिश्चित करें, अन्यथा समय-सीमा बीतने के बाद नामांकन से वंचित होने पर इसकी सारी जवाबदेही खुद छात्र की होगी। इस नामांकन प्रक्रिया में छात्र हितों और सरकारी नियमों का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय ने शुल्क को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ कर दी है।

### श्रीराम का चरित्र लोगों के लिए प्रेरकः सत्यम जी महाराज

**आरा**। सदर आरा प्रखंड के गंगहर गांव में आयोजित श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन प्रातःकाल वैदिक पूजा-अर्चना के उपरांत संध्या बेला में भव्य रामकथा का आयोजन हुआ। वृंदावन से पधारे रामकथा वाचक श्री सत्यम जी महाराज ने संगीतमय रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, सेवा एवं धर्म के संदेश को सरल और प्रेरणादायी शैली में प्रस्तुत किया। उनकी मधुर वाणी और भक्ति रस से ओत-प्रोत कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इससे पूर्व वाराणसी से पधारी मानस बाल विदुषी शिखा तिवारी ने श्रीराम के आदर्श चरित्र, माता-पिता के प्रति समर्पण, गुरु भक्ति तथा लोककल्याण के संदेश पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# चौसा प्लांट हादसा, मजदूर की मौत पर 23 लाख मुआवजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के चौसा थर्मल पावर प्लांट में कार्यरत 22 वर्षीय मजदूर शुभम कुमार की मौत के बाद देर रात तक चले विरोध प्रदर्शन का समाधान हो गया है। कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच हुए समझौते के बाद मृतक के माता-पिता को 23 लाख रुपए मुआवजा और आजीवन मासिक पेंशन मिलेगी। समझौते के तहत, कंपनी ने शुभम कुमार के परिवार को 23 लाख रुपए का मुआवजा देने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त, दाह संस्कार के लिए तत्काल 50 हजार रुपए नगद दिए गए हैं। मृतक के माता-पिता को आजीवन 18 हजार रुपए मासिक पेंशन (प्रत्येक को 9-9 हजार रुपए) भी मिलेगी। यह समझौता अभिमन्यु कुशवाहा की पहल पर हुआ। प्रशासनिक स्तर पर पीएफ और सरकारी आपदा राहत से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने को लेकर भी बातचीत की गई है।

**परिजन को मिलेगा आजीवन मासिक पेंशनः** अभिमन्यु कुशवाहा ने बताया कि शुरुआत में कंपनी उचित मुआवजा देने को तैयार नहीं थी। श्रम कानून और लेबर रूल के प्रावधानों को सामने रखने के बाद कंपनी 50 लाख रुपए एकमुश्त देने को तैयार हुई थी। हालांकि, माता-पिता की भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, 23 लाख रुपए नगद और आजीवन मासिक पेंशन पर सहमति बनी, ताकि परिवार को लंबे समय तक सहारा मिल सके। इस सहमति के बाद ग्रामीणों को समझाकर सड़क जाम समाप्त कराया गया और परिजनों ने शव पुलिस को सौंप दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शुक्रवार सुबह शव अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया गया। यह घटना गुरुवार को हुई थी। राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव निवासी 22 वर्षीय शुभम सिंह, जो पिछले एक साल से प्लांट में सिविल विभाग के तहत काम कर रहे थे, ड्यूटी के दौरान प्लांट परिसर में बने पानी स्टोरेज तालाब के पास किसी काम से गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

**शव को रखकर परिजन ने मुआवजे की मांग की थीः** घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बक्सर रोहतास को प्लांट के पास पांच घंटे तक जाम कर दिया। हालात तनावपूर्ण होते देख CISF के जवानों के साथ राजपुर, मुफस्सिल और इटाढ़ी थाना पुलिस मौके पर तैनात रही। शव को देर रात तक प्लांट परिसर के अंदर ही रखा गया और उचित मुआवजे की मांग जारी रही। इस दौरान मजदूर नेता पप्पू पांडेय और रामप्रवेश सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन प्लांट गेट पर तैनात CISF जवानों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। बाद में मृतक के परिजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्लांट के अंदर पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत शुरू हुई। सूचना मिलने पर अभिमन्यु कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे और देर रात तक कंपनी अधिकारियों के साथ वार्ता कर पीड़ित परिवार के लिए समझौता कराया।

## आज पूर्णाहुति के साथ समापन होगा सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। सदर प्रखंड के बसंतपुर गांव में भगवान सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का आज गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। कई दिनों से चल रहे इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, भगवान की विदाई तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के समापन अवसर पर वैदिक विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य नारायण की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद महाआरती एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से पूरे श्रद्धाभाव के साथ इस पावन अवसर में भाग लेने की अपील की है। प्रवचनकर्ता आचार्य मुरारी तिवारी ने भगवान सूर्य की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य समस्त सृष्टि के जीवनदाता हैं और उनकी नियमित आराधना से स्वास्थ्य, ऊर्जा, आत्मबल एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सनातन परंपराओं का पालन करने का आह्वान किया। प्रवचन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## अधिवक्ता पर 15 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में दो को 8-8 साल की हुई सजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। करीब 15 साल पुराने अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में गुरुवार को अदालत ने फैसला सुनाया। जिला अपर सत्र न्यायाधीश-2 की अदालत ने औद्योगिक थाना कांड संख्या 21/12 में आरोपित विरेन्द्र कुमार चौबे, हरेन्द्र कुमार चौबे को दोषी करार दिया। अदालत ने हत्या के प्रयास समेत अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई। धारा 307 में दोनों को 8-8 वर्ष सश्रम कारावास मिला। 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। अदालत ने धारा 324 में दोनों को 2-2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। 10-10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। धारा 323 में 6-6 माह के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अपर लोक अभियोजक बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला 6 जून 2011 का है। अहिरौली निवासी अधिवक्ता प्रदुमन चौबे उस दिन न्यायालय गए थे। इसी दौरान घर से फोन पर सूचना मिली कि उनके गोतिया उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने इस आशंका की जानकारी अधिवक्ता संघ को दी। कोर्ट से घर लौटते समय सारीमपुर बगीचा के पास पहले से घात लगाए आरोपितों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि लाठी, भाला, रामी, कट्टा से हमला किया गया। वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। हमलावर फरार हो गए। घायल अधिवक्ता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पुलिस ने उनका फर्द बयान दर्ज किया।

## दो चिकित्सकों को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को ज्योति चौक स्थित तनिष्क, बक्सर में चिकित्सा जगत को समर्पित एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), बक्सर ने इस अवसर पर चिकित्सा सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान करते हुए उनके समाज के प्रति समर्पण और मानवीय सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमए, बक्सर के अध्यक्ष डॉ. आर. एन. तिवारी और सचिव डॉ. रितेश चौबे ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार नहीं करते, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया। समारोह का मुख्य आकर्षण चिकित्सा क्षेत्र में दीर्घकालीन और उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमर सिंह एवं डॉ. टेरेसिटा पोवाथ को "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" से सम्मानित किया जाना रहा। इसके अलावा तनिष्क, बक्सर की ओर से उपस्थित सभी चिकित्सकों को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पौधा भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। स्टोर के व्यवसाय सहयोगी दीपक पाण्डेय ने कहा कि डॉक्टरों की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणा है। उनके अथक प्रयासों से असंख्य लोगों को नया जीवन और नई उम्मीद मिलती है। उन्होंने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम हैं। स्टोर प्रबंधक आदित्य पाण्डेय ने बताया कि तनिष्क अपने ग्राहकों को गुणवत्ता, शुद्धता और पारदर्शिता के साथ भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में "शुभ विवाह ऑफर" के तहत स्वर्ण आभूषणों पर मेकिंग चार्ज वैल्यू में 20 प्रतिशत तक की छूट तथा हीरा आभूषणों पर डायमंड वैल्यू में 20 प्रतिशत तक का विशेष लाभ दिया जा रहा है।

# स्नातक नामांकन के अंतिम दिन भारी अव्यवस्था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के अंतर्गत आने वाले कई कॉलेजों में स्नातक सेमेस्टर वन (सत्र 2026-30) के नामांकन के अंतिम दिन भारी अव्यवस्था देखने को मिली। पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि होने के कारण बड़ी संख्या में चयनित विद्यार्थी अपने-अपने आवंटित कॉलेजों में पहुंचे थे, लेकिन कई प्रमुख कॉलेजों में एडमिशन से संबंधित कोई कार्य नहीं हो सका। शहर के प्रतिष्ठित एचडी जैन कॉलेज और महाराजा कॉलेज सहित अन्य कई अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह ठप रही, जिससे दूर-दराज से आए छात्र-छात्राओं को बैरंग लौटना पड़ा। दूसरी ओर, शहर के ही एसबी कॉलेज में तत्परता दिखाते हुए आवेदनों का सत्यापन (वेरिफिकेशन) कार्य सुचारू रूप से किया गया। एचडी जैन कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया शुरू न होने से परेशान और आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने परिसर में जमकर नाराजगी जाहिर की। घंटों इंतजार करने के बाद भी जब एडमिशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो कई छात्र उग्र हो गए और विवि प्रशासन व कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जैन कॉलेज सहित कुछ अन्य महाविद्यालयों के प्रबंधनों ने अपनी लाचारी व्यक्त करते हुए बताया कि स्नातक में नामांकन लेने में कॉलेजों को कई तरह की गंभीर व्यावहारिक और तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेजों का आरोप है कि महाविद्यालयों को अब तक स्नातक में नामांकन की आधिकारिक मेधा सूची (मेरिट लिस्ट) ही उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके अलावा, जिन कुछ विद्यार्थियों ने समर्थ पोर्टल पर अपना नामांकन शुल्क जमा भी कर दिया है, उनकी शुल्क रसीद में न तो कोई लेन-देन (ट्रांजैक्शन) नंबर आ रहा है और न ही खाता नंबर अंकित है। इस तकनीकी खामी के कारण विद्यार्थियों और महाविद्यालय प्रशासन दोनों के सामने गहरी दुविधा उत्पन्न हो गई है कि एडमिशन को वैध माना जाए या नहीं।

## विरोध-प्रदर्शन धरना, पदयात्रा और ज्ञापन के जरिए शिक्षकों ने उठाई नियमित वेतन की मांग



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर लगातार हो रही बारिश के बीच भी वित्त रहित शिक्षकों का आंदोलन बक्सर में पूरे जोश के साथ जारी रहा। राज्यव्यापी महाआंदोलन के तीसरे चरण के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय में आयोजित धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वित्त रहित महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्राचार्य, कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता और शिक्षा प्रेमी शामिल हुए। धरना के बाद आंदोलनकारियों ने कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन का उद्देश्य वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त करना, वित्त रहित शिक्षण संस्थानों का समायोजन करना तथा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सम्मानजनक नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। बारिश के बावजूद आंदोलनकारियों का उत्साह देखने लायक रहा। हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे। डीडीसी को ज्ञापन सौंपते नेता इन मांगों को लेकर उठी एकजुट आवाज धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने वित्त रहित शिक्षा नीति को तत्काल समाप्त करने, वित्त रहित महाविद्यालयों एवं विद्यालयों का समायोजन करने, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान देने, सेवानिवृत्त शिक्षकों को पेंशन, दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा प्रखंड स्तरीय डिग्री कॉलेज स्थापना योजना में पहले से संचालित वित्त रहित महाविद्यालयों को प्राथमिकता देने की मांग दोहराई। पदयात्रा निकालकर सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा धरना समाप्त होने के बाद आंदोलनकारियों ने समाहरणालय तक पदयात्रा निकाली। वहां प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने, संस्थानों के समायोजन, नियमित वेतनमान, पेंशन, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से शामिल किया गया। चार दशक की उपेक्षा का उठाया मुद्दा मुख्य वक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य, रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद के डॉ. संजय यादव ने कहा कि चार दशकों से वित्त रहित शिक्षक समाज बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। सीमित संसाधनों में लाखों विद्यार्थियों को शिक्षित करने वाले शिक्षकों को आज भी नियमित वेतन, पेंशन और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अरवल और भोजपुर के बाद बक्सर में मिला व्यापक जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि वित्त रहित शिक्षक अब अपने अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सरकार से ठोस निर्णय लेने की मांग कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.एम. कॉलेज, डुमरांव के डॉ. मनोज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि वर्षों से विपरीत परिस्थितियों में भी वित्त रहित शिक्षक शिक्षा की अलख जगा रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। अब समय आ गया है कि शिक्षकों को सम्मानजनक जीवन, नियमित वेतनमान और सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस निर्णय लिया जाए।

## गड़हनी में डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती मनी, दी गई श्रद्धांजलि



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी में पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं प्रख्यात नेता डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू ने कहा कि डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी ने समाज में समानता, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए आदर्शों पर चलकर सामाजिक सौहार्द, शिक्षा और आपसी एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। सभी ने डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही उनके जयंती पर केक काट कर वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. अब्दुल कय्यूम अंसारी के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## बच्चों की भागीदारी से चला पर्यावरण अभियान, स्कूल में 250 पौधे लगाए गए




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली एवं अंत्योदय चेतन मंडल द्वारा उदवंतनगर प्रखंड के खजुआता, सत्यनारायण जीयरस्वामी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में करीब 250 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। पौधरोपण में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्पूरी ठाकुर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीके. द्विवेदी, विद्यालय के निदेशक उमेश कुमार, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रो. पारस राय, डॉ. अंबरीश राय, अंत्योदय चेतन मंडल के सचिव रामनाथ ठाकुर, नीरज मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया। अंत्योदय चेतन मंडल के सचिव रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जल संरक्षण और पौधारोपण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हर व्यक्ति वर्षा जल का संरक्षण करे और अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और पर्याप्त जल संसाधन सुरक्षित किए जा सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में करंट लगने से 2 मजदूर झुलसे, हाई टेंशन वायर की चपेट में आने से हालत गंभीर

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में निर्माण कार्य के दौरान दो मजदूर हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को बिदुपुर अस्पताल से सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया है। घायलों की पहचान प्रमोद सिंह (35) और उमा शंकर सिंह (40) के रूप में हुई है। दोनों मथुरा गांव के निवासी हैं। यह घटना लालू सिंह के मकान के तीसरे तल पर निर्माण कार्य के दौरान हुई, जब मजदूर सरिया को रस्सी से खींच रहे थे। इसी दौरान सरिया 11000 केवी के हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया। हादसे के वक्त वहां कुल छह मजदूर काम कर रहे थे। अन्य मजदूरों ने तुरंत घटना देखी, जिसके बाद चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में दोनों घायलों को बिदुपुर अस्पताल ले जाया गया। बिदुपुर पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए, दोनों को तुरंत सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि छत से बिजली के तार की दूरी मात्र दो से तीन मीटर है। दोनों मजदूर विवाहित हैं; उमा शंकर की कोई संतान नहीं है, जबकि प्रमोद सिंह के दो बच्चे हैं।

### 5 दिन की दोस्ती के बाद सीने में मारी गोली, एक ही लड़की से प्यार करते है दोनों, लुक्स को लेकर था कॉम्पिटिशन

**हाजीपुर।** हाजीपुर में गुरुवार की देर शाम बर्थ-डे पार्टी के बहाने बुलाकर दोस्त ने युवक के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद शुभम दर्द से कराहते हुए पैदल चलकर गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के गिदरवा टोला पहुंचा और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर गंगाब्रिज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शुभम को सदर अस्पताल ले गई। सीने में गोली लगने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया।



घटना गंगा ब्रिज थाना और नगर थाना के बॉर्डर पर स्थित डीआरसीसी कार्यालय से करीब 2 किलोमीटर दूर दियारा क्षेत्र में हुई। घायल युवक की पहचान छोटी यूसुफपुर निवासी संतलाल पासवान के बेटे शुभम कुमार(18) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में प्रेम-प्रसंग को विवाद की वजह बताया जा रहा है। घायल शुभम ने पुलिस को बताया कि उसकी दोस्ती करणपुरा निवासी अंशु कुमार से 5-6 दिन पहले ही हुई थी। दोनों एक साथ सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा करने भी गए थे। गुरुवार देर शाम अंशु ने शुभम को जन्मदिन पार्टी के बहाने दियारा इलाके में बुलाया। वहां बातचीत के दौरान अंशु ने हथियार निकालकर शुभम के सीने में गोली मार दी। सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि शुभम और अंशु दोनों एक ही लड़की से प्रेम करते थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह देखने में हैंडसम था जबकि अंशु नहीं था, इस बात को लेकर भी दोनों में तनातनी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार, गंगा ब्रिज थानाध्यक्ष दीपक कुमार, नगर थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार और अपर थानाध्यक्ष मोहन कुमार पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आरोपी अंशु की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए दिए आवश्यक निर्देश

**हाजीपुर।** सोनपुर मंडल में सुरक्षित, सुचारु एवं विश्वसनीय रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने 02 जुलाई 2026 को सोनपुर स्टेशन स्थित टावर वैगन, टावर वैगन शेड और ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) डिपो का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक ने टावर वैगन की तकनीकी स्थिति, अनुरक्षण व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और कार्य निष्पादन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने टावर वैगन के नियमित रखरखाव, समयबद्ध निरीक्षण और सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने टावर वैगन शेड का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अनुरक्षण सुविधाओं, उपकरणों के रखरखाव, कार्यस्थल की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। श्री सरन ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता तथा दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ओएचई डिपो के निरीक्षण के समय, मंडल रेल प्रबंधक ने ओवरहेड विद्युत प्रणाली के अनुरक्षण, आवश्यक स्पेयर सामग्री की उपलब्धता, निरीक्षण अभिलेखों और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ओएचई परिसंपत्तियों का नियमित निरीक्षण एवं समयबद्ध अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि रेल परिचालन सुरक्षित और निर्बाध बना रहे। निरीक्षण के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित रेल परिचालन के लिए आधारभूत संरचनाओं का उच्च गुणवत्ता के साथ अनुरक्षण अत्यंत आवश्यक है। श्री सरन ने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए यात्रियों की सुरक्षा एवं बेहतर रेल सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सिकंदरपुर मन में डेढ़ महीने से मछलियों की मौत, जांच में पानी में अमोनिया-मेडिकल वेस्ट का खुलासा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के ऐतिहासिक सिकंदरपुर मन में पिछले डेढ़ महीने से लगातार मछलियों की मौत हो रही है। ये अब पर्यावरणीय संकट का रूप लेती जा रही है। जिला मत्स्य विभाग की जांच में पानी में अमोनिया की मात्रा अधिक मिली है। इसके साथ ही अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट और धोबी घाट के रासायनिक अपशिष्ट को इसकी बड़ी वजह बताया गया है। विभाग ने रिपोर्ट जिला प्रशासन और नगर निगम को सौंपते हुए तत्काल प्रदूषण रोकने की सिफारिश की है। शहर के बीच स्थित सिकंदरपुर मन में बीते डेढ़ महीने से लगातार बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं। इससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई है, जिसके कारण आसपास रहने वाले लोगों और आने-जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मछली पालन करने वाले व्यवसायियों को भी लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है। जिला मत्स्य पदाधिकारी रणधीर कुमार ने बताया कि लगातार मछलियों की मौत की सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम ने पानी का नमूना लेकर जांच के लिए पटना की प्रयोगशाला भेजा था। जांच रिपोर्ट में पानी में अमोनिया गैस की मात्रा सामान्य से अधिक पाई गई, जो जलीय जीवों के लिए बेहद खतरनाक है। मत्स्य विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि आसपास के अस्पतालों से निकलने वाला मेडिकल वेस्ट और रासायनिक अपशिष्ट बिना उपचार के सीधे मन के पानी में पहुंच रहा है। इसके अलावा परिसर स्थित धोबी घाट से डिटर्जेंट और अन्य रासायनिक पदार्थ भी सीधे जलाशय में बहाए जा रहे हैं। इन कारणों से पानी तेजी से प्रदूषित हो रहा है और मछलियों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि प्रदूषण का सबसे अधिक असर कतला मछली पर पड़ा है। यह प्रजाति पानी की ऊपरी सतह पर रहती है, जहां प्रदूषण और ऑक्सीजन की कमी का प्रभाव सबसे पहले दिखाई देता है। विभाग ने यह भी बताया कि पानी की ऊपरी सतह का रंग भी बदल चुका है, जो बढ़ते प्रदूषण का संकेत है। मत्स्य विभाग ने अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन और नगर निगम को भेजते हुए प्रदूषण के स्रोतों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। विभाग ने अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने, केमिकलयुक्त पानी को बिना ट्रीटमेंट जलाशय में छोड़ने पर रोक लगाने और धोबी घाट से निकलने वाले पानी के लिए अलग निकासी व्यवस्था करने की सिफारिश की है। सिकंदरपुर मन में मछली पालन करने वाले व्यवसायियों का कहना है कि पिछले दो महीनों में लाखों रुपये मूल्य की मछलियां मर चुकी हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो नुकसान और बढ़ेगा और पूरे जलाशय की मत्स्य संपदा पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

# पटना के होटल में सेक्स रैकेट ऑन कॉल बुलाते थे कस्टमर

## वॉट्सऐप पर लड़कियों की फोटो भेजकर होती डील, आपत्तिजनक हालत में 10 लड़कियां पकड़ी गईं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के गांधी मैदान के पास स्थित होटल डोरमेट्री में सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना पर यहां रेड की है। छापेमारी के दौरान होटल के कमरे से आपत्तिजनक स्थिति में 5 महिलाओं, 5 लड़कियों और एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, जब रेड की गई, तो होटल के कमरे में सभी बैठकर आपत्तिजनक स्थिति में शराब पार्टी और मौज मस्ती कर रहे थे। पुलिस को अचानक कमरे में देखकर सभी घबरा गए। इस दौरान उन लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन कोई रास्ता नहीं मिलने से सभी पकड़े गए। इसी बीच होटल संचालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। जांच में ये भी सामने आया है कि होटल में ऑन कॉल लड़कियां बुलाई जाती थीं। वॉट्सऐप पर ग्राहकों को लड़कियों की फोटो भेजी जाती फिर डील फाइनल होती थी।

**होटल के कमरे में की गई छापेमारीः** गांधी मैदान थानेदार अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस को पॉश इलाके में स्थित एक होटल में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों और देह



व्यापार संचालित होने की गुप्त सूचना मिल रही थी। इसके बाद पश्चिमी पुलिस अधीक्षक (SP) संकेत कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। देर रात पुलिस टीम ने होटल में छापा मारा। एक्जीबिशन रोड के होटल में छापेमारी की गई थी। वहां से 10 महिला-लड़कियों को हिरासत में लिया गया है। एक युवक भी पकड़ा गया है। कमरे से शराब सहित आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस होटल में पकड़े गए सभी लोगों को गांधी मैदान थाने लेकर आई है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कब से और कैसे इस धंधे में सभी आए थे। यह गतिविधियां कब से संचालित हो रही थीं और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता है।

**ऑन कॉल होटल में आते थे कस्टमरः** गांधी मैदान के पास अभिषेक प्लाजा के सेकेंड फ्लोर पर पटना डोरमेट्री नाम से होटल चल रहा था। यह बिल्डिंग G+8 का स्ट्रक्चर है। तीसरे फ्लोर तक कमर्शियल है और उसके उपर रेजिडेंशियल है। यहां आसपास फ्लैट हैं जिसमें लोग रहते हैं। होटल से पकड़े गए युवक का नाम अशोक कुमार यादव है, जो जहानाबाद का रहने वाला है। वह सूर्या विहार होटल में काम करता है। पुलिस की पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि इस होटल में लड़कियां परमानेंट रहती थीं। ऑन कॉल पर कस्टमर होटल में आते थे। पिछले 1 साल से यह धंधा इस होटल में चल रहा था।

**पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार की हैं लड़कियांः** पश्चिमी SP संकेत कुमार ने बताया, होटल से पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार लड़कियां मिली हैं। सभी से पूछताछ की जा रही है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सभी लड़कियां बालिग हैं। पुलिस फरार होटल संचालक की तलाश कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चलती ट्रेन में यात्री का मोबाइल झपटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



### भेजे गए जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ीः** पटना गया रेलखंड के तारेगना जीआरपी थाना क्षेत्र के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास शुक्रवार को चलती ट्रेन में एक यात्री पर डंडे से हमला कर मोबाइल फोन झपटने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।इस संबंध में पीड़ित यात्री पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव निवासी अनिल प्रसाद के पुत्र चंदन कुमार के बयान पर जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस के अनुसार, घटना के बाद पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान मिले साक्ष्यों एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मालिकाना मुहल्ले निवासी असगर हुसैन के पुत्र मोहम्मद अली मरहूम जावेद इकबाल के पुत्र मोहम्मद वारिश आलम मोहम्मद पप्पू के पुत्र मोहम्मद साहिल के रूप में की गई है।पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। घटना में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## पटना कोतवाली थाना परिसर में नहीं हुई जुमे की नमाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना के कोतवाली थाना परिसर में 30 वर्ष बाद पहली बार शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदायगी नहीं हुई। अब तक हर शुक्रवार को कैंपस में 30 मिनट तक सैकड़ों की संख्या में लोग नमाज अदायगी करते थे। पहली बार इस पर ब्रेक लगा है। जानकारी के मुताबिक, सहयोग पोर्टल पर बुद्धा कॉलोनी के रहने वाले प्रभास चंद्र शर्मा नाम के शख्स ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि शुक्रवार के दिन कैंपस में नमाज पढ़ी जाती है, जिससे प्रशासनिक काम में भी बाधा उत्पन्न हो रहा है। इस शिकायत के आधार पर एडीशनल SP कृष्ण मुरारी प्रसाद ने थाने से रिपोर्ट मांगी थी। 2 जून को थाने में थानेदार अजय कुमार, एडिशन SP कृष्ण मुरारी प्रसाद और मस्जिद कमिट के इमाम और अन्य दूसरे लोगों के साथ बैठक हुई। बैठक के दो दिन बाद 4 जून को थाने ने रिपोर्ट सबमिट की। इसके आधार पर यह कार्रवाई हुई है।

पटना के कोतवाली जामा मस्जिद के इमाम सनाउल मुस्तफा ने कहा, '30 वर्षों से नमाज पढ़ते आ रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा है कि दाहिने साइड ना कर के बाएं साइड पढ़िए। कोई रुकावट नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा, 'अमन और शांति को भंग करने वाले किसी आदमी ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत कर दी कि यहां कार्य में बाधा होता है, काम करने में दिक्कत होती है।'

## स्वास्थ्य विभाग की कार ने स्कूटी को मारी टक्कर एग्जीबिशन रोड फ्लाईओवर पर हादसा, ड्राइवर फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के एग्जीबिशन रोड फ्लाईओवर पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार ड्राइवर छोड़ गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और वह कई मीटर तक घिसटती चली गई। कार का अगला हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल व्यक्ति को सड़क पर गिरने से गंभीर चोटें आईं। इस टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल स्कूटी सवार को अस्पताल पहुंचाया है और फरार कार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

**टक्कर से कई मीटर तक घिसटती गई स्कूटीः** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूटी सवार फ्लाईओवर से गुजर रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और वह कई मीटर तक सड़क पर घिसटती



चली गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पतालः** हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गांधी मैदान ट्रैफिक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए PMCH पटना भेजा, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### कई मीटर घसीटती गई गाड़ी

**कुछ देर प्रभावित रहा यातायातः** एक्सीडेंट के कारण फ्लाईओवर पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। ट्रैफिक पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त कार और स्कूटी को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। दोनों वाहनों को जब्त कर गांधी मैदान ट्रैफिक थाना ले जाया गया है।


**स्वास्थ्य विभाग का लोगो लगी थी कारः** गांधी मैदान ट्रैफिक थाना प्रभारी ने बताया, 'दुर्घटनाग्रस्त कार पर बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग का लोगो लगा हुआ था। पुलिस फरार कार ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना के कारणों और फरार ड्राइवर की पहचान की जा सके।' पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जाएगी।

## पालीगंज में मद्य निषेध टीम पर फायरिंग मामला दो गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के पालीगंज में मद्य निषेध विभाग की टीम पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 30 जून की देर रात अख्तियारपुर पुल के पास हुई थी। पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 राजीव चंद्र सिंह ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

**टीम पर की फायरिंग, होमगार्ड जवान बाल-बाल बचाः** पालीगंज SDPO-1 राजीव चंद्र सिंह ने बताया, '30 जून की रात मद्य निषेध विभाग की टीम दो युवकों को शराब के नशे में गिरफ्तार कर थाना ला रही थी। इसी दौरान अख्तियारपुर पुल के पास अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने टीम के वाहन पर हमला कर दिया और फायरिंग कर दी।' फायरिंग की घटना



में मद्य निषेध विभाग के साथ मौजूद होमगार्ड जवान प्रिंस कुमार मिश्रा बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि हमलावर गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे।

**विशेष टीम ने आधी रात किया गिरफ्तारः** घटना की सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक और पटना पश्चिम सिटी एसपी को दी गई। इसके बाद मद्य निषेध विभाग की शिकायत पर पालीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित की गई और तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।

**अन्य आरोपियों की तलाश जारीः** एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया, 'गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घटना में

### शराबियों को छुड़ाने के लिए किया था हमला

शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।' पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही है।

**क्या है पूरा मामला?ः** पालीगंज अनुमंडल के मध निषेध विभाग की टीम ने 30जून की रात में छापेमारी कर महाराजगंज मुसहरी से दो युवक को शराब के नशे में पकड़ा था। पुलिस उन्हें पकड़ कर थाना ला रही थी। इसी दौरान उसके साथियों के द्वारा उसे छूड़ाने की कोशिश की गई थी और पुलिस की गाड़ियों पर फायरिंग भी की गई थी, जिसमें एक होमगार्ड का जवान प्रिंस कुमार मिश्रा बाल-बाल बच गया था।

## आद्रा नक्षत्र पर प्राथमिक विद्यालय मिरचक में बच्चों को परोसी गई खीर-पूड़ी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ीः** प्रखंड के देवरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मिरचक में हर साल की तरह इस साल भी आद्रा नक्षत्र के अवसर पर विशेष आयोजन कर स्कूली बच्चों के बीच खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और बच्चों ने पारंपरिक व्यंजन का आनंद लिया।विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार की ने बताया कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से बच्चों को जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन किया गया।भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया।कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों को आद्रा नक्षत्र के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी दी।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान सोनी कुमारी दीपक कुमार राखी कुमारी गायत्री देवी आशा देवी राज कुमार दास रसोइया एवं



विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।बच्चों ने इस पहल की सराहना करते हुए खुशी जाहिर की। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## आईजीआईएमएस में 8 माह के शिशु की रोबोटिक सर्जरी सफल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) में पहली बार आठ माह के एक शिशु की सफल रोबोटिक सर्जरी की गई है। जन्मजात किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित इस शिशु का ऑपरेशन अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक से किया गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, शिशुओं के शरीर के अंग अत्यंत छोटे और नाजुक होते हैं। इतनी कम उम्र के बच्चे में रोबोटिक सर्जरी को बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है। इस कारण ऐसी सर्जरी के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक के साथ एक अनुभवी सर्जिकल टीम की आवश्यकता होती है। डॉक्टरों के मुताबिक, बच्ची जन्मजात किडनी की गंभीर बीमारी यूरेटरो-पेल्विक जंक्शन (यूपीजे) ऑब्स्ट्रक्शन नामक बीमारी से पीड़ित थी। इस



### बिहार में बना नया रिकॉर्ड, जन्मजात किडनी की गंभीर समस्या का हुआ इलाज


स्थिति में किडनी से मूत्र बाहर ले जाने वाले मार्ग में रुकावट आ जाती है। रुकावट के कारण पेशाब किडनी में जमा होने लगता है, जिससे लगातार दबाव बढ़ता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और समय पर इलाज न मिलने पर किडनी स्थायी रूप से खराब होने का खतरा रहता है।

# कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षों को मिलेगी 10 दिन की ट्रेनिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आज कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में हुई। इसकी अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। संगठन सृजन साथी अभियान के तहत ये बैठक आयोजित की गई, जिसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी मौजूद रहें। यह एक समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सभी 53 सांगठनिक जिलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। राजेश राम ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में सभी जिला अध्यक्षों को 10 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**आगामी 15 दिनों में आंदोलन के स्वरूप पर हुई चर्चाः** हम लोगों ने आज अपने



सभी जिलाध्यक्षों के मंथली कार्य की समीक्षा की। जिन जिलाध्यक्षों ने अच्छे काम किए हैं उन्हें हमने A ग्रेडिंग दिया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने यह पद्धति शुरू की है, जिसकी समीक्षा हर स्तर से हो रही है। ब्लॉक से पंचायत और फिर जिला से प्रदेश तक समीक्षा होगी। यहां से रिपोर्ट आलाकमान को जाएगी। सभी 53 जिलाध्यक्षों को 10 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग AICC की टीम देगी, जो वर्धा से आएगी। 22 से 31 जुलाई तक ट्रेनिंग होगी। आज मंथली समीक्षा, ग्रेडिंग पर चर्चा और आगे आने वाले 15 दिनों में आंदोलन का क्या स्वरूप होगा उसे पर भी चर्चा हुई।

**प्रशांत किशोर का चुनाव लड़ना कोई मुद्दा नहींः** राहुल गांधी के पटना दौरे को लेकर तिथि निर्धारित की जाएगी, क्योंकि

### बैठक में राजेश राम ने बांकीपुर चुनाव को लेकर कहा- शीर्ष नेतृत्व करेगी तय

उनके देशभर में कई सारे कार्यक्रम चल रहे हैं। वहीं, बांकीपुर चुनाव को लेकर भी चर्चा चल रही है। बैठक में सभी जिलाध्यक्षों से राय ली जाएगी। हम लोग नेशनल पार्टी है और हमारी इंटरनल डेमोक्रेसी है। जनसुराज से प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने की बात को लेकर राजेश राम ने कहा कि वह कोई मुद्दा नहीं है। हर पार्टी अपनी-अपनी प्रत्याशी उतारती है। शीर्ष नेतृत्व जो चाहेगी उसी हिसाब से हम लोग काम करेंगे।

# श्री नर्मदेश्वर पुनः प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**





टेल्को स्थित प्रेम नगर डनलोप में शुक्रवार से श्री नर्मदेश्वर पुनः प्रतिष्ठा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन 201 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान शिव के जयकारों, शंखनाद और भक्ति संगीत से गूंज उठा तथा वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। महोत्सव की शुरुआत सोनारी स्थित दोमुहानी नदी से पवित्र जल संग्रह के साथ हुई। आचार्य राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों की टोली ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच सभी कलशों में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद मुख्य यजमान, श्रद्धालु महिलाएं एवं आयोजन समिति के सदस्य गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ पैदल कलश यात्रा निकालते हुए प्रेम नगर स्थित मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर पहुंचने के बाद प्रातः 6:30 बजे से वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार वेदी पूजन, कर्मकुटीर स्थापना एवं जलाधिवास पूजन का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। आचार्य राजकुमार मिश्रा ने बताया कि सनातन परंपरा में कलश यात्रा को किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का मंगलमय आरंभ माना जाता है। कलश में भरा गया पवित्र जल देवशक्ति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होता है, जिससे पूरे यज्ञ एवं प्रतिष्ठा समारोह का वातावरण पवित्र और आध्यात्मिक बनता है। उन्होंने बताया कि वेदी पूजन का विशेष महत्व है, क्योंकि यही वह पवित्र स्थान होता है जहां देवशक्तियों का आह्वान कर समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाते हैं। कर्मकुटीर स्थापना के माध्यम से यज्ञ एवं पूजन की समस्त वैदिक क्रियाओं को विधिवत प्रारंभ किया जाता है, जबकि जलाधिवास पूजन में भगवान शिव के नर्मदेश्वर स्वरूप को पवित्र जल में अधिवास कराया जाता है। शास्त्रों के अनुसार यह प्रक्रिया देव विग्रह के शुद्धिकरण, दिव्य ऊर्जा के जागरण तथा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व आध्यात्मिक संस्कार का महत्वपूर्ण चरण मानी जाती है। आचार्य राजकुमार मिश्रा ने बताया कि भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग को दोमुहानी नदी से लाए गए पवित्र जल में पूरी रात अधिवास कराया जाएगा। शनिवार प्रातः शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ और विधि-विधान के साथ भगवान शिव को जल से बाहर निकालकर उनका विशेष पूजन एवं पुनः प्रतिष्ठा संस्कार संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मणों की टोली निरंतर वैदिक मंत्रों का उच्चारण करती रहेगी, जिससे पूरे अनुष्ठान में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार बना रहेगा। इस महोत्सव में मुख्य यजमान के रूप में दिलीप जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी किरण देवी सभी धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बन रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में धनंजय पांडेय, संजय कुमार (लाल), टोनी सिंह, दिलीप जायसवाल, विजय कुमार सिंह, अजय सिंह, समरेश सिंह, गिडू संजय तथा जितेंद्र पांडेय सहित आयोजन समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## केवल ट्रांसफर से नहीं सुधरेगी कानून-व्यवस्था, पुलिस बल को मजबूत करना होगा: राहुल मुर्मू

**एजेंसी। रांची**

झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने राज्य में हालिया प्रशासनिक फेरबदल के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि केवल अधिकारियों के तबादले से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। एसोसिएशन का मानना है कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार को संसाधनों, मानवबल और आधारभूत सुविधाओं पर दीर्घकालिक निवेश करना होगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने जमशेदपुर और सरायकेला के वरीय पुलिस अधिकारियों के हालिया तबादलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग शासन और पुलिस प्रशासन की एक नियमित तथा सतत प्रक्रिया है। एसोसिएशन को इस प्रक्रिया पर कभी कोई आपत्ति नहीं रही है, लेकिन अपराध और कानून-व्यवस्था जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान केवल अधिकारियों के स्थानांतरण से नहीं निकाला जा सकता। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में राहुल कुमार मुर्मू ने कहा कि झारखंड पुलिस लंबे समय से सीमित संसाधनों और अपेक्षाकृत कम संख्या बल के साथ कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। ऐसे में सरकार को केवल प्रशासनिक बदलाव तक सीमित रहने के बजाय पुलिस बल की बुनियादी जरूरतों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। राज्य में बढ़ती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना, उन्हें आधुनिक उपकरण और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराना तथा कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की मांग है।

## लोगों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान और वाहन बंद रखकर अपराध के खिलाफ एकजुटता का दिया परिचय : कन्हैया

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के विरोध में शुक्रवार को आयोजित बंद के सफल होने पर आजसू पार्टी ने शहर के व्यापारियों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोगों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान और वाहन बंद रखकर अपराध के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया है। कन्हैया सिंह ने कहा कि जमशेदपुर में हत्या, लूट, छिनतई, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। उनका आरोप है कि राज्य सरकार अपराध पर नियंत्रण स्थापित करने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में शहरवासियों ने जिस तरह बंद का समर्थन किया, वह जनता के बढ़ते आक्रोश और बेहतर कानून-व्यवस्था की मांग को दर्शाता है।। आजसू जिला अध्यक्ष ने सभी व्यापारिक संगठनों, दुकानदारों, प्रतिष्ठानों और नागरिकों का सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जनता की सुरक्षा, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और अपराधमुक्त झारखंड के लिए अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और जनविरोधी सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से हटाने के लिए आजसू पार्टी जनजागरण अभियान को और तेज करेगी।

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – NP/01/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**13-07.2026** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**14-07-2026** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**14-07-2026** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Embankment Repair in Panki_Balumath-Herhanj Road at Chainage 16.5 Km and 15.3 Km | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 01 Month |
| 2 | Road Safety Work in Daltonganj, Road Division under Non Plan for the year 2026-27 | 7,49,000.00 | 15,000.00 | 1,250.00 | 01 Month |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**PR 383925 (Road)26-27*D**

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2026-27/RWD/GARHWA  दिनांक – 03.07.2026

**1.कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA /01/2026-27 | मेराल प्रखण्ड के ग्राम पिण्डरा में प ु आहार फैक्ट्री तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य। (लं0–0.125 कि0मी0) | 15.807 | पन्द्रह लाख अस्सी हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA /02/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गिजना में पी0डब्ल्यु0डी0 रोड भाया नहर होते हुए आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.750 कि0मी0) | 48.422 | अड़तालीस लाख बयालीस हजार दो सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/GARHWA /03/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम वि ुनपुर में नहर रोड कालीकरण सड़क के पास नरेन्द्र मिश्रा के घर से कृशण सिंह के घर होते हुए जितेन्द्र चौबे के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.550 कि0मी0) | 42.177 | बयालीस लाख सत्रह हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 4 | मझिआँव | RWD/GARHWA /04/2026-27 | मझिआँव प्रखण्ड अन्तर्गत कोईबार पी0डब्ल्यु0डी0 पथ से बथनी टोला होते हुए आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–1.000 कि0मी0) | 99.938 | निन्यानबे लाख तिरानबे हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 5 | मेराल | RWD/GARHWA /05/2026-27 | मेराल प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम देवगाना टोला हड़कुड़ी कजराठ मोड़ से दानरो नदी तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.550 कि0मी0) | 43.392 | तेतालीस लाख उन्चालीस हजार दो सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 6 | डंडई | RWD/GARHWA /06/2026-27 | डंडई प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम झोतर टोला काजरमारा चारमुहान से कदैलिया सीवान तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.415 कि0मी0) | 41.814 | एकतालीस लाख एकासी हजार चार सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 7 | गढ़वा | RWD/GARHWA /07/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जोबरईया में यासिन मिल्लत कॉलेज के पास नहर पर गार्डवाल का निर्माण कार्य। (लं0–0.500 कि0मी0) | 28.465 | अठाईस लाख छियालीस हजार पाँच सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 8 | चिनियाँ | RWD/GARHWA /08/2026-27 | चिनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम तहले से भदवा पथ पर आर0सी0सी कलभर्ट निर्माण कार्य। 1x5.00x3.00 M | 40.205 | चालीस लाख बीस हजार पाँच सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.07.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.07.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0 :– 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**PR.NO.383978 Rural Work Department(26-27):D**

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(लापता लड़का रंजीत कुमार साह (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष)**



केतार थाना कांड सं0–48/2024, दिनांक–23.07.2024, धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता लड़का रंजीत कुमार साह, (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष, पिता–शिवमंगल साह, ग्राम–बांसडीह खुर्द, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला हैं। जो दिनांक–09.07.2024 को गांव में आये बारात को देखने के लिए घर से निकला और वापस अपने घर नहीं आया। उक्त लापता लड़का रंजीत कुमार साह का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–रंजीत कुमार साह, लंबाई–05 फीट, 06 इंच, रंग–सांवला,

**निवेदक,**
**पुलिस अधीक्षक,गढ़वा**

**PR 383981 (Police)26-27*D**

---

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/05/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIRING OF 02 NOs. C/R GATES AT LEFT SIDE AND RIGHT SIDE OF THE CANAL WITH WORM GEAR MACHINE SYSTEM ,OPERATING PLATFORM OF C/R GATE AND 02 NOs. H/R GATES WITH SPINDLE SYSTEM OF **PHULWARIYA WEIR IRRIGATION SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,22,592.00 (पाँच लाख बाईस हजार पाँच सौ वानबे) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,460.00 (दस हजार चार सौ साठ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराहन तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराहन तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाहन)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**ह0/–**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

PR 383940 District (26-27)_D

---

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/04/2026–27**
**दिनांक 03.07.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Repair and Renovation work of 1 No. Service Gate, 1 No. Emergency Gate, Shed, Operating Platform, Hoisting Arrangement (Worm Gear) etc. of **BATRE RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,40,250.00 (पाँच लाख चालिस हजार दो सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,810.00 (दस हजार आठ सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**ह0/–**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर।**

PR 383938 (District) 26-27 (D)

---

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना, द्वितीय आमंत्रण–सूचना**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–WRD/MD MANDAL/01/2026–27**
**दिनांक 03.07.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM ETC.UNDER **ANNARAJ RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 12,67,713.00 (बारह लाख सड़सठ हजार सात सौ तेरह) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 25,355.00 (पच्चीस हजार तीन सौ पचपन) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाहन्) । |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode**द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**ह0/–**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**PR 383932 District(26-27)#D**

---

### कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand),**
**Pin code- 822132 Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-52/2026-27**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/अधिकृत विक्रेता से निम्न लिखित विद्युत सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– **10/07/2026** को समय **2:00** बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय **4:00** बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Light Name | Item name | Dimention | Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 01 | High Mast Light | LED PCB Plate | 182 X 217 MM | 200 Watt |
| 02 | | Driver | - | |
| 03 | | LED PCB Plate | 155 X 150 MM | 150 Watt |
| 04 | | Driver | - | |
| 05 | Street Light | LED PCB Plate | 165 X 175 MM, 265 X 270 MM & 225 X 300 MM | 120 Watt |
| 06 | | Driver | - | |
| 07 | | LED PCB Plate | 145 X 255 MM | 70 Watt |
| 08 | | Driver | - | |
| 09 | Wire Aluminum | | - | 2.5 Sqmm |
| 10 | | | - | 4 Sqmm |
| 11 | PVC Tape | | - | - |
| 12 | MCB | | - | 10 Amp SP MCB |
| 13 | | | - | 32 Amp SP MCB |
| 14 | Pendent Switch | | - | 06 Amp |

**निविदा शर्तेः–**

1. आपूर्तिकर्ता को उक्त निविदा में भाग लेने हेतु **रू0 5000/– (पाँच हजार)** की निविदा राशि एवं **रू0 25000/– (पच्चीस हजार)** अग्रधन की राशि **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। सभी सामग्री की आपूर्ति उपरांत अग्रधन की राशि एक माह के अंदर वापस की जायेगी। निविदा शुल्क वापस नही किया जायेगा।
2. कोटे ान में निम्न दस्तावेज को अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। (क) सामग्रियों का कैटलॉग (ख) आयकर रिर्टन (ग) पैन नम्बर (घ) GST Registration (ड) ISO Certificate (च) Electrical Contractor License (छ) अद्यतन GSTN Return (Last Quarter or Last 03 Month) & GST Registration Certificate (ज) अद्यतन आयकर (ITR Last 3 AY) (झ) अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)
3. वत्तीय लिफाफे में आपूर्ति की जाने वाले सामग्रियों से संबंधित दर (सभी करों सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा। सामग्रियों की वारंटी एक वर्ष की होगी। न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश के समय राशि का 5% जमानत के रूप **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम में जमा करना अनिवार्य होगा जो एक वर्ष के वारांटी/गारांटी समाप्ति के उपरान्त ही जमानत की राशि वापस की जायेगी।
4. कोटेशन में दर प्रति अदद के हिसाब से उल्लेखित करना अनिवार्य होगा एवं सभी सामग्री मानक कंपनी के द्वारा ISI अथवा ISO प्रमाणित होना चाहिए।
5. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा आंशिक रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
6. सामग्रियों की आपूर्ति नगर परिषद्, बिश्रामपुर में करना होगा। इसके लिए कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नही होगा तथा होने वाले टूट–फुट अथवा क्षति की जवाबदेही आपूर्तिकर्ता की होगी।
7. कार्यादेश निर्गत की तिथि से पन्द्रह (15) दिन के अंदर उक्त कार्य को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
8. न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश निर्गत के पूर्व सामानों का एक–एक नमूना कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
9. उपर्युक्त सामग्रियों की संख्या में आव यकतानुसार बढोतरी/कम की जा सकती है। जिसके लिए अलग से कार्यादे । निर्गत किया जायेगा।
10. O&M सेवा सुलभ रूप से प्राप्ति हेतु स्थानीय आपूर्तिकर्ता/एजेंसी/Authorised Dealer को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. उपर्युक्त कोटेशन को किसी भी समय कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर को होगा।
12. सभी आपूर्ति की गई सामग्री जाँचोपरांत संतोशजनक पाये जाने पर ही स्वीकार किया जायेगा।
13. उक्त कार्य का भुगतान विभाग द्वारा उपरोक्त कार्य हेतू प्राप्त आवंटन के आलोक में किया जायेगा। एवं अंकित दर से अधिक भुगतान नही किया जायेगा एवं नियमानुसार कटौती की जायेगी।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद, बिश्रामपुर**

**PR.NO.383867 District(26-27):D**

## आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम में भीषण हादसा, ट्रक-ऑटो की टक्कर में चार लोगों की मौत

**मार्कापुरम, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। अमरावती-अनंतपुर राजमार्ग पर कंभम के पास एक लॉरी ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने मृतकों की पहचान अवुला अलकनंदा (19), अवुला अंकलु (20), अवुला नागेश (17) और अवुला नागेश्वरी (2) के तौर पर की है। ये सभी गिद्दलूर के नल्लाबंडा बाजार के रहने वाले थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल लोगों का इलाज कम्भम सरकारी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा लॉरी ड्राइवर के तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने की वजह से हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। गिद्दलूर के नल्लाबंदा बाजार के अवुला वीरक्का की शादी शुक्रवार सुबह 9 :30 बजे कंभम की पामुलेटी से होनी थी। शादी से पहले बारात विनायक मंदिर में रुकी और नारियल फोड़कर दुल्हन की पूजा-अर्चना की। उसी दौरान, सामने से आ रहे एक ट्रक का नियंत्रण बिगड़ गया और उसने ऑटो और उसमें सवार लोगों को कुचल दिया।

## रायपुर मर्डर केस: चेतावनी के बाद भी चाकू सप्लाई करने पर फंसा फ्लिपकार्ट; हाई कोर्ट पहुंची याचिका

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने फ्लिपकार्ट के अधिकारियों द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआइआर और चार्जशीट को निरस्त करने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि जब प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध के तत्व सामने आ रहे हों, तो हाई कोर्ट को जांच या ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। बता दें कि जुलाई 2025 में रायपुर में हुई एक हत्या और लूट की घटना के बाद पुलिस ने फ्लिपकार्ट, उसके लॉजिस्टिक पार्टनर के मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूटर सहित छह कर्मचारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर किया था। हत्या के आरोपितों ने इस शापिंग प्लेटफार्म के माध्यम से चाकू मंगाया था, जिसका इस्तेमाल हत्या में किया गया। पुलिस का आरोप है कि सभी आनलाइन शापिंग साइट्स के अधिकारियों को पहले से चेतावनी दी गई थी कि वे ऐसे हथियारों की डिलीवरी न करें, फिर भी उन्होंने लापरवाही बरती, जिससे मानवीय जीवन खतरे में पड़ा। गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने याचिका दायर कर एफआईआर और चार्जशीट को रद करने की मांग की। फ्लिपकार्ट के वकीलों ने तर्क दिया कि उनकी कंपनी एक 'इंटरमीडियरी' है और आइटी एक्ट की धारा 79 के तहत संरक्षित है।



सख्ती पर बहस छेड़ दी और अनुशासन के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े कर दिए

# बारिश में गीले हो गए स्कूल के जूते तो छात्रा ने पहने रबर के शूज, 6 घंटे अलग बिठाए रखा

**कोलकाता, एजेंसी।** इस हफ्ते कोलकाता में हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने नियम बनाम सख्ती पर बहस छेड़ दी और अनुशासन के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली घटना में बारिश में स्कूल के जूते भीगने के बाद रबर के जूते पहनकर आने पर एक बच्ची को कथित तौर पर छह घंटे तक अलग-थलग रखा गया। वहीं, 12वीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई। उसने बहुत गर्म चाय पी ली थी और इलाज के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

जब माता-पिता, शिक्षकों और बाल मनोवैज्ञानिकों ने इस पर अपनी राय रखी तो एक आम सवाल सामने आया कि क्या स्कूल बच्चों का चरित्र गढ़ रहे हैं या बस किसी भी कीमत पर नियमों का पालन कर रहे हैं? कोलकाता के एक डॉक्टर ने बताया कि जब उनकी बेटी क्लास में रबर के जूते पहनकर गई तो क्या हुआ। इसके बाद ड्रेस कोड को लेकर बहस छिड़ गई। उन्होंने पोस्ट किया, 'कल हुई भारी बारिश में मेरी छोटी बेटी के स्कूल के जूते भीग गए थे। आज वह पूरी स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल गई, बस गीले जूतों की जगह उसने रबर के जूते पहने थे।' उनके अनुसार, जब स्कूल से फोन आया कि उनकी बेटी को क्लास में नहीं बैठने दिया जाएगा क्योंकि उसने तय किए गए जूते नहीं पहने थे तब माता-पिता दोनों अपने-अपने अस्पतालों में थे। उन्होंने गुजारिश की कि उसे एक दिन के लिए क्लास में आने दिया जाए और वादा किया कि वे दूसरे जूते का इंतजाम कर लेंगे। उन्होंने लिखा, 'किस प्रोटोकॉल और पढ़ाने के तरीके के किस हिस्से में उन्होंने किसी स्टूडेंट को उसके कपड़े अधूरे होने पर मना करना सीखा? एक टीचर के तौर पर यह उनकी सबसे बड़ी कमी है। एक बच्चे ने अभी-अभी सीखा है कि किसी सजावट की अनजाने में हुई कमी, एक जिज्ञासु आत्मा से ज्यादा कीमती है।'




इसी तरह मंगलवार को नरेंद्रपुर के रामकृष्ण मिशन विद्यालय में दीप्तांशु महतो की मौत के बाद से ही इस मामले पर बहस गरमा गई थी। एक अभिभावक ने कहा, 'मुझे हैरानी हुई कि लड़के की हालत बहुत गंभीर होने के बावजूद उसे अस्पताल तभी ले जाया गया।

## एनएच-5 बंद, कई वाहन क्षतिग्रस्त, सड़कों पर लंबा जाम... हिमाचल के किन्नौर में भारी बारिश से तबाही

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले किन्नौर में मानसून की रफ्तार के साथ ही आफत का दौर भी शुरू हो गया है। बीती रात चोलिंग के निकट हुई मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के मलबे और दलदल के कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। बाढ़ का वेग इतना तेज़ था कि सड़क पर चल रहे कई वाहन अचानक आए मलबे और दलदल की चपेट में आकर वहीं फंस गए। राहत की बात यह रही कि इस अचानक आई आपदा में किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है और सभी लोग सुरक्षित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया है। डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चोलिंग के पास मार्ग को साफ करने और फंसे वाहनों को निकालने के लिए भारी मशीनरी को काम पर लगा दिया गया है। प्रशासन की टीम मौके पर मुस्तैद है और बंद पड़े राष्ट्रीय उच्च मार्ग को जल्द से जल्द सुचारू रूप से बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।' लाहौल स्पीति के जाहलमा नाले में बाढ़ से पुल क्षतिग्रस्त होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीआरओ ने अस्थायी पुलिया बनाई थी, वह भी बह गई है। इस कारण उदयपुर उपमंडल सहित पांगी घाटी का संपर्क कट गया है। बुधवार को उदयपुर उपमंडल के शेनुर गांव की शांति देवी को छाती में संक्रमण व सांस लेने की दिक्कत के कारण कुल्लू के लिए रेफर किया।

# काश ये एआई वीडियो होता...', बेंगलुरु डेकेयर में बच्चों से क्रूरता पर बोले पैरेंट्स

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में कैपजेमिनी कंपनी के कैंपस के अंदर चल रहे एक डेकेयर सेंटर में मासूमों के साथ क्रूरता के मामले ने देशभर को झकझोर कर रख दिया है। जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, कामकाजी माता-पिता और आम जनता का गुस्सा सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर बढ़ता नजर आ रहा है।

पुलिस के मुताबिक, सामने आए वीडियो में दो से तीन साल के रोते हुए बच्चों को डेकेयर की केयरगिवर्स द्वारा डराते-धमकाते और उनके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार करते हुए देखा गया है, जिसके बाद से केवल बेंगलुरु में नहीं पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर कामकाजी माताओं और कॉर्पोरेट कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। एक परेशान माता-पिता ने फेसबुक ग्रुप पर लिखा, काश यह वीडियो असली न होकर एआई द्वारा बनाया गया कोई नकली वीडियो होता। विश्वास नहीं होता कि ऐसा भी हो सकता है। इस मामला के सामने आने के साथ, जहां एक तरफ पूरा देश स्तब्ध है। वहीं दूसरी ओर कामकाजी माता-पिता ने अपनी कुछ मांगे रखी हैं। माता-पिता की सबसे बड़ी मांग है कि डेकेयर की गतिविधियों का सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीम) उनके फोन या कंप्यूटर पर किया जाए, ताकि वे काम के दौरान भी अपने बच्चों पर नजर रख सकें।



इसके अलावा माता-पिता की मांग यह भी है कि प्राइवेसी वाले हिस्सों को छोड़कर, डेकेयर के हर इलाके में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से रिकॉर्डिंग अनिवार्य की जाए और फिर सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए सेंटर में केवल अधिकृत लोगों को ही आने-जाने की अनुमति हो (बायोमेट्रिक लॉक सिस्टम हो)। बता दें कि कई माता-पिता ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि इतने छोटे बच्चे अपनी परेशानी बोलकर नहीं बता सकते। अगर उनके साथ कुछ गलत होता है, तो वे घर आकर शिकायत नहीं कर पाते।

## रफीक के माध्यम से भारत में जासूसों तक पैसे पहुंचा रही थी पाकिस्तान की आईएसआई, बैंक खातों से टेरर फंडिंग का पर्दाफाश

**जयपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद से गिरफ्तार किए गए 41वर्षीय रफीक चांद शेख के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। राजस्थान सीआईडी की जांच में सामने आया कि रफीक पिछले चार साल से पाकिस्तान के लिए जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों तक पैसे पहुंचाता था। यह पैसा आईएसआई रफीक तक पहुंचाती थी। इस साल जनवरी में जैसलमेर निवासी झाबराराम और असम के डिब्रूगढ़ वायुसेना स्टेशन पर एमटीएस पद पर तैनात सुमित कुमार को गिरफ्तार करने के बाद हुई पूछताछ में रफीक का नाम सामने आया। झाबराराम और सुमित ने महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई तक पहुंचाई थी, जिसके बदले उन्हें रफीक ने पैसे दिए थे। सूत्रों के अनुसार, जांच में सामने आया कि पाकिस्तानी हैंडलर्स ने झाबराराम को जैसलमेर के संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी भेजने का काम सौंपा था। वह सेना के मूवमेंट, हथियारों एवं सैन्य ठिकानों की जानकारी इंटरनेट मीडिया के जरिये पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजता था, जिसके बदले पाकिस्तानी हैंडलर्स रफीक के माध्यम से पैसा पहुंचाते थे।



# यूपी में मौसम का बदला मिजाज, मुंबई में भारी बारिश से जनजीवन बेपटरी, उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट

**लखनऊ, मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून गुरुवार देर रात दिल्ली पहुंच गया। इस बार मानसून तय समय 27 जून से पांच दिन देरी से आया है, लेकिन आते ही जोरदार बारिश की। इस बारिश ने हफ्तों से जारी उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं मुंबई और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में आफत की बारिश शुरू हो गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून अब दिल्ली-एनसीआर और उत्तर-पश्चिमी भारत के बड़े हिस्सों में फैल गया है। वहीं, अगले कुछ दिनों तक महाराष्ट्र, गोवा, कोंकण, दक्षिण गुजरात और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश जारी रहने की उम्मीद है।

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में मौसम विभाग ने आज भारी से अत्यंत भारी बारिश की आशंका जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। भारी बारिश के चलते संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन और नदी-नालों में उफान आने की चेतावनी दी गई है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने तथा बिना वजह पहाड़ी रास्तों पर सफर न करने की सलाह दी गई है। एसडीआरएफ को अलर्ट मोड पर रखा गया है। दिल्ली एनसीआर के लिए शुक्रवार को मौसम विभाग का येलो अलर्ट जारी है। बारिश की वजह से तापमान में काफी गिरावट आई है। बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 33एष्ट से 34.8एष्ट के बीच दर्ज किया गया। ढ्ढरूष्ठ का अनुमान है कि अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 32एष्ट से 34एष्ट के बीच रहेगा।



उत्तर भारत में मॉनसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। 1 जुलाई को मानसून ने पूरे हिमाचल प्रदेश को कवर कर लिया, जो सामान्य तारीख 25 जून से छह दिन देरी से हुआ। सीनियर साइंटिस्ट डॉ नरेश यादव ने कहा कि मानसून उत्तर की ओर बढ़ता रहेगा और कई राज्यों में बड़े पैमाने पर बारिश करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले चार से पांच दिनों में कोंकण, गोवा और दक्षिण गुजरात में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। ढ्ढरूष्ठ ने इन इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। ओडिशा और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में भी बहुत भारी बारिश की उम्मीद है। पूर्वी और मध्य यूपी के कई जिलों में मानसून ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा दी है। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज में झमाझम बारिश हो रही है। पश्चिमी यूपी में भी धूल भरी आंधी और बारिश के कारण मौसम सुहावना बना हुआ है। अगले 48 घंटों में पूरे उत्तर प्रदेश को मानसून कवर कर लेगा। बिहार के अधिकतर जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पटना, गया, भागलपुर और पूर्णिया समेत कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने उत्तर बिहार के जिलों (जैसे चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी) में भारी बारिश और आकाशीय बिजली (वज्रपात) की चेतावनी जारी की है।

## अन्ना हजारे की धमकी के बाद पीछे हटी महाराष्ट्र सरकार, नए आरटीआई नियमों पर रोक लगाने का दिया आदेश

**मुंबई, एजेंसी।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी के बाद महाराष्ट्र सरकार ने नए सूचना का अधिकार (आरटीआइ) नियमों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि हाल ही में अधिसूचित संशोधित आरटीआइ नियमों को फिलहाल लागू न किया जाए।

इन प्रस्तावित बदलावों में आरटीआई आवेदन शुल्क बढ़ाने, पहचान प्रमाण अनिवार्य करने और प्रत्येक आवेदन में केवल एक ही विषय से संबंधित जानकारी मांगने जैसी शर्तें शामिल थीं, जिन पर व्यापक विरोध हुआ था।

मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र राज्य सूचना आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना अन्ना हजारे से विस्तृत चर्चा किए इन संशोधनों को लागू करना उचित नहीं होगा।



इसके बाद राज्य सूचना आयोग ने भी संशोधित नियमों पर रोक लगाने का निर्णय लिया।

इससे पहले मुख्य सूचना आयुक्त ने अहमदनगर जिले के रालेगण सिद्धि जाकर अन्ना हजारे से मुलाकात की थी और उन्हें प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन अन्ना हजारे अपने रुख पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि ये संशोधन सूचना के अधिकार कानून की मूल भावना को कमजोर करते हैं और आम नागरिकों के लिए सूचना प्राप्त करना कठिन बना देंगे। अन्ना हजारे ने चेतावनी दी थी कि यदि 'महाराष्ट्र सूचना का अधिकार नियम, 2026' को वापस नहीं लिया गया, तो वे पांच जुलाई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। सरकार के फैसले को फिलहाल विरोध शांत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा ने गुरुवार को सर्वसम्मति से एक बिल पास किया। इसका उद्देश्य महिला किसानों को मान्यता देना, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, संस्थागत लोन, खेती से जुड़ी सेवाओं और महिला किसान पहचान-पत्रों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक ढांचा तैयार करना है।

महिला किसान सशक्तीकरण बिल देश में इस तरह का पहला प्रस्तावित कानून है।

## भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं के हमले को नाकाम किया, व्यापारी जहाज को सुरक्षित निकाला

**एर्नाकुलम, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में एक व्यापारी जहाज पर समुद्री डाकुओं के हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया. इलाके में एक सिक्योरिटी मिशन पर मौजूद स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस त्रिकंद ने जहाज और उसके क्रू को बचाने के लिए तुरंत अलर्ट हुआ.

यह घटना 1 जुलाई को हुई थी. जिस जहाज पर हमला किया गया उसका नाम बल्क कैरियर एमवी गोल्डन आर्सेनल था, जिस पर सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस का झंडा लगा था. यमन के अदन से निकले इस जहाज पर जिबूती से लगभग 300 नॉटिकल मील पूरब-उत्तर-पूर्व में हमला हुआ. जब समुद्री डाकुओं ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की, तो जहाज के अधिकारियों ने तुरंत इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर - इंडियन ओशन रीजन (ढ्ढस्नष्ट-ढ्ढह्रक्र) को इन्फॉर्म किया. इमरजेंसी मैसेज पर तुरंत एक्शन लेते हुए नेवी हेडक्वार्टर ने पास में तैनात आईएनएस त्रिकंद को दखल देने और बचाव ऑपरेशन करने का निर्देश दिया.

जहाज पर एक भारतीय नागरिक समेत कुल 21 क्रू मेंबर सवार थे. हमले के दौरान, जहाज के ब्रिज के सुपरस्ट्रक्चर और आस-पास के हिस्सों को नुकसान हुआ. हालांकि क्रू ने तुरंत एक्शन लिया और खुद को 'सिटाडेल' नाम के एक बहुत सुरक्षित कम्पार्टमेंट में सुरक्षित कर लिया. इससे कोई चोट या नुकसान नहीं हुआ. पूरी घटना के दौरान क्रू सुरक्षित रहे.

2 जुलाई की सुबह आईएनएस त्रिकंद से एक स्पेशल कमांडो टीम इंस्पेक्शन करने के लिए जहाज पर चढ़ी. नेवी ने यह पक्का करने के लिए पूरी तलाशी ली कि जहाज में कोई समुद्री डाकू नहीं है. ऑपरेशन के दौरान जहाज पर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला. फोर्स की मौजूदगी कन्फर्म होने के बाद क्रू सिटाडेल से बाहर निकल गया. इसके बाद इंडियन नेवी के अधिकारियों और क्रू ने मिलकर नुकसान का अंदाजा लगाया और कन्फर्म किया कि जहाज अपनी यात्रा जारी रख सकता है. रेस्क्यू और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए, इंडियन नेवी ने इलाके में एक लेटेस्ट पी-8ढ्ढ मैरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट भी तैनात किया. एरियल सर्विलांस से जरूरी इंटेलिजेंस मिली, जिससे यह पक्का हुआ कि आगे कोई समुद्री डाकू मूवमेंट न हो और इलाके की सुरक्षा बढ़ गई. जहाज की सुरक्षा की पुष्टि के बाद, एंटी-पायरेसी ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया, और एनवी गोल्डन आर्सेनल अपनी मंजिल के लिए फिर से रवाना हो गया.



# चंडीगढ़ में प्रवासी पक्षियों को मिलेगा ठिकाना, सुखना वेटलैंड का होगा वैज्ञानिक प्रबंधन; प्रशासक ने दिए खास निर्देश

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को वेटलैंड अथॉरिटी, चंडीगढ़ की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय महत्व के सुखना वेटलैंड के संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन की व्यापक समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से सुखना वेटलैंड और उसके कैचमेंट क्षेत्र की पारिस्थितिकी को दीर्घकालिक रूप से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। बैठक में वेटलैंड अथॉरिटी की पिछली बैठक के निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा अथॉरिटी के आधिकारिक लोगो को अंतिम मंजूरी दी गई।

विभिन्न विभागों ने सुखना वेटलैंड के संरक्षण, पारिस्थितिकीय पुनर्स्थापन और कैचमेंट क्षेत्र के वैज्ञानिक प्रबंधन पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। कांसल डायवर्जन नहर के रखरखाव और मृदा अपरदन रोकने के लिए व्यापक अध्ययन कराने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

प्रशासक ने वेटलैंड में खरपतवार प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाने पर बल दिया ताकि जलीय जैव विविधता प्रभावित हुए बिना पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

उन्होंने प्रवासी पक्षियों की संख्या और विविधता बढ़ाने के लिए उनके प्राकृतिक आवास को बेहतर बनाने तथा वेटलैंड परिसर में विभिन्न प्रवासी पक्षियों की जानकारी देने वाले सूचना पैनल लगाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि पंजाब विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा किए गए मत्स्य विविधता सर्वेक्षण में सुखना वेटलैंड में 20 से अधिक मछली प्रजातियां दर्ज की गई हैं, जिनमें मृगल कार्प सबसे अधिक पाई गई। सर्वेक्षण के अनुसार कुल मत्स्य विविधता में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी देशी प्रजातियों की है। इसके आधार पर मत्स्य विभाग ने कतला, रोहू और मृगल की 10 हजार फिंगरलिंग्स वेटलैंड में छोड़ी हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि सुखना वेटलैंड के रेगुलेटरी छोर पर वैज्ञानिक तरीके से डी-सिल्टिंग का कार्य जारी है। इस परियोजना से वेटलैंड की जल भंडारण क्षमता में लगभग 5.4 हेक्टेयर-मीटर की वृद्धि होने की संभावना है।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नई ईवी नीति- इलेक्ट्रिक वाहनों से घटेगा प्रदूषण या बढ़ेंगी आम लोगों की मुश्किलें?

दिल्ली की सड़कों पर सार्वजनिक परिवहन की बदहाली छिपी नहीं है। इसे बेहतर बनाने के लिए किसी भी सरकार ने ऐसे कदम नहीं उठाए हैं, ताकि लोग निजी वाहनों के बारे में न सोचें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति के जरिए अगर दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर काबू पाने में मदद मिलती है, तो इसे एक बेहतर उपाय माना जाएगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की गहराती समस्या के मद्देनजर इसकी मुख्य वजहों की पहचान और उनसे निपटने के लिए ठोस उपाय करना जरूरी है। मगर इस क्रम में सरकार जिन नीतियों का सहारा लेना चाहती है, वे व्यापक जनहित में हों, यह सुनिश्चित किया जाना भी वक्त का तकाजा है।देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण एक अहम समस्या के रूप में चिंता का मुद्दा बना रहता है। इसके लिए सड़क पर चलने वाले वाहनों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाता है। खासतौर पर दुपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या न केवल सुव्यवस्थित यातायात, बल्कि प्रदूषण के लिहाज से अपेक्षया ज्यादा बहस के केंद्र में रहती है।इन्हीं बिंदुओं के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सोमवार को नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 को मंजूरी दे दी है। नई नीति के तहत अगले वर्ष जनवरी से सिर्फ ई-ऑटो यानी इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का ही पंजीकरण होगा। साथ ही, जनवरी 2028 से सिर्फ ई-दुपहिया वाहनों का ही पंजीकरण कराया जा सकेगा। नई नीति के तहत अब इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सड़क-कर और पंजीकरण शुल्क में छूट की व्यवस्था भी की गई है।जाहिर है, सरकार ने एक तरह से नीतिगत तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के क्रम में एक ठोस फैसला किया है, लेकिन चूंकि इसका वैसे लोगों के जीवन पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है, जिनकी रोजी-रोटी इन वाहनों से जुड़ी होती है, इसलिए फिलहाल इसके कई अन्य पहलुओं पर बहस जारी है।हालांकि यह भी एक तथ्य है कि दिल्ली में पिछले कई वर्षों से लगातार प्रदूषण की वजह से हालात बेहद चिंताजनक होते गए हैं, तो इसमें वाहनों की खासी भूमिका रही है। मगर इसमें कारों और अन्य वाहनों के बरक्स दुपहिया और तिपहिया वाहनों की कितनी भूमिका है, इस पर भी गौर किया जाना चाहिए। खासतौर पर इसलिए भी कि दिल्ली में तिपहिया वाहन आमतौर पर सीएनजी से चलते हैं। एक समय पेट्रोल और डीजल वाहनों के धुएं से होने वाला प्रदूषण व्यापक चिंता का विषय बना था और उस समय सीएनजी वाहनों के जरिए दिल्ली की हवा को स्वच्छ करने के दावे किए गए थे। लेकिन आज भी दिल्ली में वायु प्रदूषण की हकीकत किसी से छिपी नहीं है। वहीं, इलेक्ट्रिक कचरा आज विश्वभर में पर्यावरण के सामने एक नई चुनौती बन रहा है।यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इस नीति के केंद्र में फिलहाल जिन दुपहिया और तिपहिया वाहनों को रखा गया है, वे बड़ी संख्या में साधारण लोगों की आजीविका और आवागमन का मुख्य सहारा रहे हैं।

## एसी अब सुविधा ही नहीं, खतरा भी! बढ़ते विस्फोटों ने बहुमंजिला इमारतों की सुरक्षा पर उठाए सवाल

नोएडा की बहुमंजिला इमारत में एसी विस्फोट के बाद आग लगने की घटना ने भवन सुरक्षा, फायर सेफ्टी और दमकल व्यवस्था की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।आज के समय में एयर कंडीशनर (एसी) को विलासिता की वस्तु के बजाय रोजमर्रा की जरूरत के सामान की तरह देखा जाने लगा है। मगर घर और कमरे के तापमान को ठंडा रखने की यह सुविधा अब जोखिम का सबब बनती जा रही है। हाल के वर्षों में एसी में विस्फोट से आग की घटनाएं एक गंभीर खतरे के रूप में उभरकर सामने आई हैं।ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-119 में सोमवार को सामने आई, जहां एक इमारत की इक्कीसवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में एसी में धमाका होने से आग लग गई। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन इसने बहुमंजिला इमारतों में आपात स्थिति में सुरक्षा प्रबंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतनी ऊंची इमारत में आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कई घंटे लग गए। ऐसे में इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि विभागीय तैयारियों की मौजूदा चुनौतियों के लिहाज से गहन समीक्षा किए जाने की जरूरत है।गौरतलब है कि पिछले दो माह के भीतर देश भर में एसी में विस्फोट से आग की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें संपत्ति के साथ मानवीय क्षति भी हुई है।

*धरती के भीतर क्या हलचल चल रही है, इसका पूरा रहस्य आज भी मानव नहीं जान पाया है। इसलिए केवल पुराने अनुभवों के आधार पर किसी क्षेत्र को पूर्णतः सुरक्षित मान लेना आत्मघाती हो सकता है। आज भवन निर्माण केवल भूकम्प को ध्यान में रखकर नहीं किया जा सकता। अत्यधिक वर्षा, शहरी बाढ़, तेज हवाएं, तापमान में वृद्धि और अन्य प्राकृतिक चुनौतियों को भी नगर नियोजन का हिस्सा बनाना होगा।*

## क्या हम विकास और विनाश के बीच संतुलन साध पाएंगे?

**(ललित गर्ग)**

वेनेजुएला की त्रासदी ने एक सकारात्मक पक्ष भी सामने रखा। आधुनिक तकनीक ने कुछ क्षेत्रों में लोगों को भूकम्प के झटके महसूस होने से कुछ सेकंड पहले चेतावनी दी। सुनने में यह समय बहुत कम प्रतीत होता है, लेकिन आपदा की घड़ी में यही कुछ सेकंड जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय कर सकते हैं। वेनेजुएला में हाल में आए भीषण भूकम्प ने केवल एक देश को नहीं, बल्कि पूरी मानवता को झकझोर दिया है। मृतकों और लापता लोगों की संख्या समय के साथ बदलती रही हो, लेकिन त्रासदी की भयावहता निर्विवाद है। हजारों परिवार अपने प्रियजनों को खोने की असहनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं। ऐसे प्रत्येक अवसर पर पूरी दुनिया संवेदना व्यक्त करती है, राहत सामग्री भेजती है, सहायता अभियान चलाती है, लेकिन एक प्रश्न बार-बार हमारे सामने खड़ा हो जाता है-क्या हम हर बड़ी आपदा से कोई स्थायी सबक सीखते हैं या फिर कुछ दिनों की चर्चा और शोक के बाद सब कुछ भुलाकर पुनः उसी लापरवाह विकास-यात्रा एवं प्रकृति की घोर उपेक्षा पर निकल पड़ते हैं? प्राकृतिक आपदाएं कभी कैलेंडर देखकर नहीं आतीं। वे न देश चुनती हैं, न मौसम और न समय। जब धरती कांपती है, नदियां उफान पर आती हैं, पहाड़ दरकते हैं या समुद्र विकराल रूप धारण कर लेता है, तब विकास के बड़े-बड़े दावे, ऊंची-ऊंची इमारतें और तकनीकी उपलब्धियों का अहंकार कुछ ही क्षणों में धराशायी हो जाता है। ऐसे समय में किसी देश की वास्तविक शक्ति उसकी आर्थिक समृद्धि नहीं, बल्कि उसकी पूर्व तैयारी, संवेदनशील शासन व्यवस्था और जागरूक नागरिक होते हैं। वेनेजुएला की त्रासदी ने एक सकारात्मक पक्ष भी सामने रखा। आधुनिक तकनीक ने कुछ क्षेत्रों में लोगों को भूकम्प के झटके महसूस होने से कुछ सेकंड पहले चेतावनी दी। सुनने में यह समय बहुत कम प्रतीत होता है, लेकिन आपदा की घड़ी में यही कुछ सेकंड जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय कर सकते हैं। विज्ञान इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे प्रारंभिक चेतावनी तंत्र अधिक सटीक, अधिक तेज और अधिक व्यापक बनाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों का जीवन सुरक्षित रह सके। भारत के लिए यह विषय केवल एक अंतरराष्ट्रीय समाचार नहीं है। हमारा देश स्वयं भूकम्प, बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने, चक्रवात और सुनामी जैसी अनेक प्राकृतिक आपदाओं का दंश झेलता रहा है। 1993 का लातूर भूकम्प, 2001 का भुज भूकम्प, 2004 की सुनामी, 2013 की केदारनाथ त्रासदी, 2023 की जोशीमठ भू-धंसाव की घटनाएं तथा हिमालयी क्षेत्रों में लगातार बढ़ती बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं आज भी हमारी स्मृतियों में जीवित हैं। इन सभी घटनाओं का एक ही संदेश है-प्रकृति को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता। वैज्ञानिक आज भी यह निश्चित रूप से नहीं बता सकते कि किस दिन, किस समय और किस स्थान पर भूकम्प आएगा, लेकिन वे वर्षों से यह चेतावनी अवश्य देते रहे हैं कि भारत का लगभग साठ प्रतिशत भूभाग किसी न किसी स्तर के भूकम्पीय जोखिम वाले क्षेत्र में आता है। हिमालयी क्षेत्र, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर-पूर्व, गुजरात और अनेक अन्य क्षेत्र विशेष रूप से संवेदनशील माने जाते हैं। इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि भूकम्प की सटीक भविष्यवाणी संभव नहीं है, तो भी पूर्व तैयारी पूरी तरह संभव है। दुर्भाग्य यह है कि हम तैयारी की अपेक्षा आपदा के बाद राहत और पुनर्वास पर अधिक ध्यान देते हैं। आज देश के लगभग हर शहर में कंक्रीट के विशाल जंगल तेजी से खड़े हो रहे हैं। बहुमंजिला आवासीय परिसर, व्यावसायिक भवन, गगनचुंबी टावर और स्मार्ट सिटी विकास की नई पहचान बन चुके हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और अब जयपुर जैसे शहर भी ऊंची-ऊंची इमारतों की दौड़ में शामिल हो चुके हैं। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या इन भवनों की मजबूती केवल सामान्य परिस्थितियों के लिए है या किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिए भी? किसी भी भवन की वास्तविक परीक्षा तब होती है जब धरती कांपती है, जब अचानक बाढ़ आती है, जब तेज हवाएं चलती हैं या जब प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है। यदि उस समय भवन लोगों की जान बचा सके, तभी उसे वास्तविक विकास का प्रतीक माना जाना चाहिए। केवल ऊंचाई, चमक-दमक और आधुनिक सुविधाएं किसी भवन को सुरक्षित नहीं बनातीं। भारत में भूकम्परोधी निर्माण के लिए मानक और नियम मौजूद हैं। भारतीय मानक ब्यूरो ने स्पष्ट दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। समस्या नियमों की कमी नहीं, बल्कि उनके अनुपालन की है। क्या प्रत्येक बहुमंजिला इमारत वास्तव में उन्हीं मानकों के अनुरूप निर्मित हो रही है? क्या निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच होती है? क्या निर्माण के बाद संरचनात्मक सुरक्षा का स्वतंत्र परीक्षण किया जाता है? यदि इन प्रश्नों का उत्तर पूरी तरह संतोषजनक नहीं है, तो चिंता स्वाभाविक है। निर्माण क्षेत्र में बढ़ती अनियमितताओं और भ्रष्टाचार ने स्थिति को और गंभीर बनाया है। अनेक बार भू-माफिया, बिल्डर लॉबी और लाभ-लोलुप तत्व पर्यावरणीय नियमों की अवहेलना करते हुए हरित क्षेत्रों, जलाशयों, नदी तटों और भू-संवेदनशील क्षेत्रों तक में निर्माण कर देते हैं। बाद में यही निर्माण किसी त्रासदी का कारण बनते हैं। नोएडा में अवैध रूप से निर्मित सुपरटेक ट्विन टावरों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ध्वस्त किया जाना इस बात का प्रतीक है कि किस प्रकार नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य किए जाते रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि कोई निर्माण अवैध था, तो उसे बनने की अनुमति किसने दी? निर्माण पूरा होने तक प्रशासन मौन क्यों रहा? क्या विकास के नाम पर कुछ लोगों के आर्थिक लाभ के लिए लाखों नागरिकों के जीवन को जोखिम में डाला जा सकता है? यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि नैतिक प्रश्न भी है। शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर विकास न्यासों तथा भवन निर्माण की अनुमति देने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी केवल नक्शों पर हस्ताक्षर करने तक सीमित नहीं हो सकती। प्रत्येक निर्माण की तकनीकी, पर्यावरणीय और संरचनात्मक जांच अत्यंत कठोरता से की जानी चाहिए। सुरक्षा मानकों का पालन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन की रक्षा का दायित्व है। एक अन्य गंभीर चिंता जलवायु परिवर्तन और प्रकृति के साथ बढ़ती छेड़छाड़ की है। पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करना, जंगलों का अंधाधुंध विनाश, अतिक्रमण, खनन और अनियोजित शहरीकरण ने प्रकृति के संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप भूस्खलन, अचानक बाढ़, शहरी जलभराव और जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। हिमालयी क्षेत्रों में बार-बार आने वाली त्रासदियां हमें चेतावनी दे रही हैं कि विकास का मॉडल प्रकृति-विरोधी नहीं, बल्कि प्रकृति-संगत होना चाहिए। यह मान लेना भी खतरनाक है कि जिस क्षेत्र में पहले कभी बड़ा भूकम्प नहीं आया, वहां भविष्य में भी खतरा नहीं होगा।

## तुगलकी रास्ते से सत्ता की चाहत का हश्र शिवसेना जैसा होगा

**(योगेन्द्र योगी)**

शिवसेना यूबीटी की संख्या 9 से घटकर 3 रह गई है, जबकि शिंदे गुट की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, जिस महाराष्ट्र में एक दौर में एकीकृत शिवसेना की तूती बोलती थी, वहां उसकी बोलती भी लगभग बंद हो जाएगी। इस हालत के लिए शिवसेना खुद जिम्मेदार है। डर और आतंक की राजनीति करने वाली शिवसेना घुटने पर आ चुकी है। नौबत यह आ गई है कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार की मोदी सरकार को अपनी शर्तों पर नचाने का सपना देखने वाले शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का ठिकाना छिन गया है। खुद सेना के सांसदों ने ही यह कारनामा कर दिखाया है। पार्टी के पूरी तरह से छिन्न भिन्न होने से लाचार उद्धव ने अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकस कर डाली। शिवसेना (यूबीटी) गुट के 6 सांसदों ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना का दामन थाम लिया। शिवसेना यूबीटी की संख्या 9 से घटकर 3 रह गई है, जबकि शिंदे गुट की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, जिस महाराष्ट्र में एक दौर में एकीकृत शिवसेना की तूती बोलती थी, वहां उसकी बोलती भी लगभग बंद हो जाएगी। इस हालत के लिए शिवसेना खुद जिम्मेदार है। कायदे-कानून भूल कर हर हालत में सिर्फ ताकत के बलबूते सत्ता पाने का ख्वाब देखने वाली शिवसेना यह भूल गई कि संविधान से इतर जाकर गैर लोकतांत्रिक तौर-तरीकों से सत्ता नहीं मिल सकती। देश के अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की तरह सिकुडती शिवसेना का इतिहास कुछ ज्यादा ही काला रहा है। देश में यदि ममता बनर्जी के बाद किसी ने संविधान और कानून कायदों को ठेंगा दिया है तो वह है शिवसेना। शिवसेना ने भी ममता की तरह अपने ही कायदे कानून चलाने में कसर बाकी नहीं रखी। शिवसेना का ख्याल आते ही, देश के आम जनमानस में महाराष्ट्र में शिवसैनिकों की छवि उभरती थी, हाथों में डंडे या हथियार लिए शिवसैनिक और माथे पर शिवसेना का कपड़ा लपेटे हुए। शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे के दौरान बनी छवि से यह जाहिर होता था कि किसी को कानून की परवाह नहीं है। कानून वही है जो शिवसेना बोल दे। किसी ने जरा भी विरोध करने का दुस्साहस किया तो उसकी खैर नहीं। महाराष्ट्र में चाहे सरकार किसी भी राजनीतिक दल की हो, शिवसेना का आतंक इतना जबरदस्त था कि किसी हिम्मत नहीं थी कि उनकी मनमानी के खिलाफ आवाज उठा सके। बाल ठाकरे ने बाहर से आकर मुंबई बसने वाले लोगों पर कटाक्ष करते हुए महाराष्ट्र को सिर्फ मराठियों का कहकर संबोधित किया। खासतौर पर दक्षिण भारतीय लोगों के विरोध में उन्होंने कई भद्दे नारे भी दिए। शिवसेना का मुखपत्र माने जाने वाले सामना समाचार पत्र में बिहार और उत्तर प्रदेश से मुंबई पलायन करने वाले लोगों को मराठियों के लिए खतरा बता, बाल ठाकरे ने महाराष्ट्र के लोगों को उनके साथ सहयोग ना करने की सलाह दी। साथ ही इन दो राज्यों से मुंबई बसने वाले नेताओं और अभिनेताओं की भी बाल ठाकरे द्वारा आलोचना की गई। मोहम्मद अफजल की फांसी की सजा पर कोई फैसला ना सुनाने के लिए बाल ठाकरे ने तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अबुल कलाम पर भी अभद्र टिप्पणियां की थी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6141



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1918 को इस देश ने खुद को स्वतंत्र किया (3)
4. 1975 को इसदक्षिणी अफ्रीकी राज्य को पुर्तगाल से आजादी मिली (3)
7. हजार हाथियों के बराबर बल होने वाली इस राक्षसी का श्रीराम ने वध किया था (3)
8. असि, खड्ग (4)
10. मिट्टी या अन्य धातु का बना हुआ टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में प्रयुक्त होता है (3)
12. सृष्टि धारक तत्व, नैनिकतापूर्ण (2)
13. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया एक तंतु, टेलीग्राम (2)
14. रामभक्त हनुमान का एक नाम (4)
17. जीवन के दिन बिताना (2)
18. निकृष्टतमता, रहितता (3)
21. द्रोणाचार्य का एक नाम यह भी है (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (3)
25. क्षण, लम्हा (2)
26. मवेशी (4)

**(ऊपर से नीचे**
1. पौत्र, पोंछा, बेटे का बेटा (2)
2. अवरोहण करना, धरती पर आना (5)
3. पश्चिम अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की यह राजधानी है (3)
4. विवाद समाधान, अंतिम (2)
5. वर्तुल, हॉकी (2)
6. जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो (4)
9. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त, लिप्त (2)
11. देवीशक्ति, श्यामा, सुकरी (3)
12. ईश्वरीय विधान, सृष्टि धारक तत्व (3)
13. दंडविधान (4)
15. जो मन को भाए (2)
16. दानी, प्रदाता, जो स्वेच्छा से धनादि देता हो (3)
19. दीपध्वज, नेत्रांजन, अंजन (3)
20. पवित्र, पुनीत, पापहीन (2)
22. बारह युगों में यह तीसरा है जो पुराणानुसार यह 864000 वर्ष का माना गया है (3)
24. नफा, फायदा (2)

### वर्ग पहेली 6140 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | | आ |
| म | न | का | | ति | | मा | शा |
| र | | र | ह | म | दि | ल | |
| ना | ग | | | ता | न | पू | रा |
| थ | र | | रा | ई | | आ | ज |
| | म | ज | मा | | लौ | | स्था |
| वा | ह | | नु | क्स | | घा | न |
| | वा | त | ज | | मी | ना | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार किसी शॉर्टकट से नहीं, बल्कि आपकी सोची-समझी प्लानिंग से ही आएगा। बिना पूरी जानकारी के बड़ी खरीदारी या निवेश करने से पूरी तरह बचें। पैसों के लेन-देन में आपका यही सीधा तरीका आपको फालतू के खर्चों से दूर रखेगा और आपकी स्थिति को मजबूत बनाएगा। कार्यक्षेत्र में आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

### वृष
आज का दिन अपनी पुरानी बचत और आगे के निवेशों को एक बार फिर से जांचने के लिए बहुत अच्छा है। कुछ अनचाहे खर्चे सामने आ सकते हैं, इसलिए अपने तय बजट के अनुसार ही चलें। बिना पक्के कागजी काम के किसी को भी धन उधार देने की गलती बिल्कुल न करें। कामकाज को लेकर आपका लगातार किया जा रहा प्रयास बड़े अधिकारियों को पसंद आएगा।

### मिथुन
आज पारिवारिक संपर्कों से लाभ और पेशेवर विकास के अवसर है। आर्थिक स्थिति को लगातार मजबूती मिलेगी। परिवार से जुड़े कामों पर कुछ धन खर्च हो सकता है, लेकिन आपका बजट पूरी तरह नियंत्रण में रहेगा। मन के बहकावे में आकर पैसे बर्बाद न करें।

### तुला
आज जोखिम भरे कामों से पूरी तरह दूर रहें और अपने पास मौजूद धन को सुरक्षित रखने पर ध्यान दें। सोच-समझकर बनाया गया बजट ही आपकी आर्थिक स्थिति को बिगड़ने से बचाएगा। आज की गई छोटी-छोटी बचत आगे चलकर आपके बहुत काम आएगी। आपके काम करने का तरीका कार्यस्थल पर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगा।

### वृश्चिक
आर्थिक प्लानिंग के लिए आज का दिन आपका पूरा साथ दे रहा है। आप अपनी बचत को बढ़ाने के कुछ अच्छे रास्ते तलाशने में सफल रहेंगे। धन से जुड़े किसी भी दस्तावेज पर दस्तखत करने से पहले उसके हर एक नियम को खुद बहुत ध्यान से पढ़ लें। आपकी समझदारी आज दफ्तर के मुश्किल मामलों को सुलझाने में मददगार होगी। कुछ रुके हुए प्रोजेक्ट्स अब धीरे-धीरे आगे बढ़ सकते हैं।

### धनु
आज घर-परिवार की जरूरतों से जुड़े कुछ खर्चे आज सामने आ सकते हैं। केवल अंदाजे के आधार पर धन का कोई जोखिम न लें। अपनी आय और खर्चों के बीच एक सही तालमेल बनाकर चलने से आप खुद को काफी सुरक्षित महसूस करेंगे। आपका शालीन व्यवहार आज कार्यस्थल पर आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### कर्क
आज कोई भी नया आर्थिक वादा करने से पहले अपनी पुरानी जिम्मेदारियों को अच्छे से देख लें। बुध देव की स्थिति को देखते हुए पैसों से जुड़ा कोई भी बड़ा निर्णय जल्दबाजी में न लें। इस समय फालतू के खर्चों को कम करने पर ध्यान देना आपके लिए ज्यादा जरूरी रहेगा। आज दफ्तर में आपको अपनी बातचीत पर थोड़ा अतिरिक्त ध्यान देना होगा।

### सिंह
आज सही प्लानिंग के जरिए आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। फालतू की चीजों पर पैसे खर्च करने के बजाय बचत को मजबूत करने पर ध्यान दें। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलने वाली अच्छी सलाह आज आपके लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती है। आपकी मेहनत का पूरा फल आपको धीरे-धीरे दे रहे हैं।

### कन्या
आज किसी भी तरह के दबाव में आकर धन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय न लें। बैंक या निवेश से जुड़े सभी कागजातों को खुद बहुत ध्यान से देखें। आपकी आज की सावधानी आपके आर्थिक हितों की पूरी तरह रक्षा करेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ थोड़ा थकाऊ लग सकता है।

### मकर
पैसों को लेकर आपका नियम से चलना आज आपके हक में रहेगा। बिना सोचे-समझे किसी से कर्ज लेने या देने से पूरी तरह बचें। तुरंत मिलने वाले किसी बड़े मुनाफे के पीछे भागने के बजाय अपनी आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान दें। काम के प्रति आपकी लगन बड़े अधिकारियों की नजर में आएगी। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों से घबराने के बजाय शांत रहकर विचार करें।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों को लेकर आपकी समझ और मजबूत होगी। आप अपने बजट को नए सिरे से व्यवस्थित करने और फालतू खर्चों को कम करने में सफल रहेंगे। दूर की सोच रखने से आपका भरोसा बढ़ेगा। ¬ आपका ध्यान और नियम से काम करना आज आपकी सबसे बड़ी खूबी रहेगी। दफ्तर के लोग आपके सीधे सुझावों और सोच की तारीफ करेंगे। लगातार किए गए प्रयासों से आपको कार्यक्षेत्र में अच्छी पहचान मिलेगी।

### मीन
आज किसी भी नया निवेश की तरफ कदम बढ़ाने से पहले अपनी पुरानी योजनाओं को अच्छे से परख लें। कुछ नए अवसर सामने आ सकते हैं, लेकिन उनका सही आकलन करना बहुत जरूरी होगा। केवल उत्साह में आकर पैसों से जुड़ा कोई बड़ा फैसला न लें। आज का दिन कामकाज में लगातार आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# 2036 ओलंपिक के लिए भारत का रोडमैप तैयार, नए चयन नियमों के साथ आगे बढ़ेगी दावेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई मेजबान चयन प्रक्रिया को लेकर भी आश्वस्त नजर आ रहा है। भारतीय पक्ष का कहना है कि वह विभिन्न माध्यमों से आईओसी के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखेगा।भारत ने 2024 में अहमदाबाद में 2036 ओलंपिक आयोजित करने की मंशा जताते हुए आईओसी को औपचारिक 'लेटर ऑफ इंटेंट' सौंपा था। हालांकि, 2025 में आईओसी की नई अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने मेजबान चयन प्रक्रिया की समीक्षा के लिए एक कार्य समूह गठित किया, जिसके बाद पूरी प्रक्रिया को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।



हाल ही में आईओसी सत्र में नई चयन प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 2036 ओलंपिक के मेजबान का फैसला वर्ष 2029 के मध्य में किया जाएगा। भारत की ओर से इस पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) गुजरात सरकार के सहयोग से करेगा।

### विभिन्न माध्यमों से मजबूत करेगा दावा

एक वरिष्ठ सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि सरकार सीधे आईओसी सदस्यों से संपर्क नहीं कर सकती, लेकिन कई अन्य माध्यम मौजूद हैं, जिनके जरिए भारत अपने दावे को मजबूत करेगा। हालांकि उन्होंने इन माध्यमों का खुलासा नहीं किया।

### मानसून सत्र में पेश होगा संशोधित राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग बिल

केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में संशोधित राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इस संशोधन का उद्देश्य खिलाड़ियों तक प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान लागू करना है।

### पांच साल तक की जेल का प्रावधान

संशोधित बिल में खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थ उपलब्ध कराने या उनकी तस्करी करने वालों के लिए अधिकतम पांच साल की जेल का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं, यदि कोई डॉक्टर या चिकित्सा विशेषज्ञ जानबूझकर प्रतिबंधित दवाएं लिखता है, तो उसे भी इस कानून के दायरे में लाया जाएगा। इस संशोधित विधेयक पर 18 जून तक सार्वजनिक सुझाव मांगे गए थे और अब परामर्श प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा, जिसमें इसे पेश किए जाने की संभावना है।

### सरकार क्यों ला रही है यह संशोधन?

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया लगातार यह कहते रहे हैं कि प्रतिबंधित दवाओं की संगठित आपूर्ति को अपराध घोषित करना समय की जरूरत है। पिछले तीन वर्षों से भारत विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की डोपिंग उल्लंघन करने वाले देशों की सूची में शीर्ष पर रहा है। इसी तरह का प्रस्ताव 2018 में भी लाया गया था, जिसमें दोषियों के लिए चार साल की जेल और दो लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान था। हालांकि, 2022 में पारित कानून से इन प्रावधानों को हटा दिया गया था, क्योंकि सरकार ने उस समय दंडात्मक कानून की बजाय रोकथाम आधारित कानून को प्राथमिकता दी थी। अब संशोधित बिल के जरिए फिर से कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू करने की तैयारी की जा रही है।

# रोनाल्डो ने नॉकआउट में किया पहला गोल

- पुर्तगाल ने क्रोएशिया को हरा प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह





**नई दिल्ली।** पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार को क्रोशिया के खिलाफ गोल करके इतिहास रच दिया। वह फीफा विश्व कप के नॉकआउट मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो ने राउंड ऑफ 32 में क्रोएशिया के खिलाफ पेनल्टी को गोल में बदला। यह उनका फीफा विश्व कप के नॉकआउट मैच में पहला गोल था। 41 साल और 147 दिन की उम्र में रोनाल्डो 40 साल की उम्र पार करने के बाद फीफा विश्व कप के नॉकआउट मैच में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड उनके पूर्व साथी खिलाड़ी पेपे के नाम था, जिन्होंने 2022 में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 39 साल और 283 दिन की उम्र में गोल किया था।

### दूसरे हाफ में मिली पेनल्टी

पुर्तगाल को दूसरे हाफ में पेनल्टी मिली, जब कॉर्नर किक के दौरान डिफेंडर रेनाटो वेइगा धक्का लगने के कारण गिर गए। रोनाल्डो ने पेनल्टी किक ली और इवान पेरिसिक के शुरुआती गोल के बाद अपनी टीम का स्कोर क्रोशिया के बराबर कर दिया।

### रामोस ने दूसरा गोल दागा

पुर्तगाल के लिए गोंकालो रामोस ने दूसरा गोल दागा। मैच के आखिरी मिनटों में एक बार फिर नाटकीय मोड़ आया जब जोस्को ग्वार्डियोल के एक गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। पेरिसिक के पास पर इगोर मातानोविक ने गेंद को मारियो पासालिक की ओर बढ़ाया। गेंद मिडफील्डर के नियंत्रण से बाहर हो गई, लेकिन ग्वार्डियोल ने मौके का फायदा उठाते हुए उसे नेट में डाल दिया। हालांकि, वीएआर ने फैसला सुनाया कि मातानोविक ने पासालिक के ऑफसाइड पोजीशन में होने पर ही गेंद को छुआ था और गोल को अमान्य कर दिया गया।

### रोनाल्डो ने गोल अमान्य होने के बाद किया गोल

इससे पहले रोनाल्डो का एक गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया था। उन्होंने एक हवाई पास को अपने नियंत्रण में लेकर क्रोएशियाई गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविक के ऊपर से गेंद मार करके गोल कर दिया था। हालांकि, जश्न ज्यादा देर तक नहीं चला क्योंकि ऑफसाइड दे दिया गया। पहली नजर में रोनाल्डो ऑनसाइड लग रहे थे, लेकिन रिप्ले में पता चला कि उनका कंधा ऑफसाइड पोजीशन में था।

# एम्बाप्पे नंबर 1

## लियोन मेसी दूसरे पर



- हालैंड-हैरी केन भी रेस में; FIFA World Cup 2026 में अब तक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का राउंड ऑफ 32 जारी है और राउंड ऑफ 16 के लिए 10 टीमें पक्की हो चुकी हैं। 48 में से 26 टीमें अब तक टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। टॉप स्कोरर्स की बात करें तो फ्रांस के दिग्गज किलियन एम्बाप्पे लिस्ट में नंबर 1 पर हैं। जबकि बराबर गोल करने के बावजूद लियोनल मेसी नंबर दो पर काबिज हैं।

वहीं नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी एर्लिंग हालैंड और इंग्लैंड के धाकड़ स्ट्राइकर हैरी केन के बराबर 5-5 गोल हैं। यह दोनों खिलाड़ी भी अभी तक गोल्डन बूट की रेस में एम्बाप्पे और मेसी को कांटे की टक्कर दे रहे हैं। 2022 के गोल्डन बूट विनर किलियन एम्बाप्पे अभी तक 6 गोल और दो असिस्ट के साथ लिस्ट में नंबर 1 पर काबिज हैं।

## डीआर कांगो के कोच देसाब्रे को लगा एक और बड़ा झटका

- प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिली पिता के निधन की खबर



अटलांटा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड के खिलाफ राउंड ऑफ 32 में मिली हार के कुछ ही घंटों बाद कांगो डीआर के हेड कोच सेबेस्टियन देसाब्रे को निजी तौर पर एक और बड़ा झटका लगा है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्हें अपने पिता के निधन की खबर मिली, जिसके बाद माहौल बेहद भावुक हो गया और प्रेस कॉफ्रेंस तुरंत समाप्त कर दी गई। नॉकआउट मुकाबले में डीआर कांगो ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी और शुरुआत में बेहतरीन खेल दिखाया। मैच के सातवें मिनट में ब्रायन सिपेंगा ने अपना पहला इंटरनेशनल गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने पहले बराबरी का गोल किया।

### धोनी से की तुलना

# विंबलडन देखने पहुंचीं दीप्ति शर्मा जोकोविच की जमकर की तारीफ

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच के बीच एक दिलचस्प तुलना की है। उन्होंने कहा कि खेल की दुनिया के इन दोनों दिग्गजों में सबसे मुश्किल हालात में भी शांत और संयमित रहने की खास काबिलियत है।

पहली बार विंबलडन देखने पहुंचीं दीप्ति ने बताया कि कैसे धोनी भी जोकोविच की तरह ही दबाव को शांति से संभालते हैं। दीप्ति ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'जब आप जोकोविच की बात करते हैं, तो हर कोई उनकी मानसिक मजबूती की चर्चा करता है। वे ऐसे खिलाड़ी हैं जो हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों, कभी हार नहीं मानते। मुझे लगता है कि क्रिकेट में एमएस धोनी सर भी बिल्कुल ऐसे ही हैं। वे बहुत शांत और संयमित रहने के लिए जाने जाते हैं। जब भी दबाव वाले हालात आते हैं, तो वे उन्हें बहुत अच्छे से संभालते हैं। कभी ऐसा नहीं लगता कि वे किसी मुश्किल स्थिति में हैं। वे दबाव को बहुत आसानी से संभाल लेते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'जोकोविच और धोनी, दोनों में सबसे अहम मौकों पर शांत और मजबूत बने रहने की खास खूबी है। उन्हें देखकर हम सीखते हैं कि कैसे शांत रहा जाए और मुश्किल हालात से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढा जाए।' भारतीय ऑलराउंडर ने यह भी बताया कि विंबलडन मैच को सामने से देखना उनकी बरसों पुरानी इच्छा थी।




### जोकोविच को बताया पसंदीदा खिलाड़ी

दीप्ति ने जोकोविच को अपना पसंदीदा खिलाड़ी भी बताया और सर्बियाई खिलाड़ी के जुझारूपन और प्रतिस्पर्धी जज्बे की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मेरे पसंदीदा खिलाड़ी जोकोविच हैं। मैं उनके खेल को बहुत करीब से फॉलो करती हूं। कोर्ट पर जिस तरह से वे लड़ते हैं, उनकी मानसिक मजबूती और कभी हार न मानने वाला रवैया मुझे ये सब बहुत पसंद है। उन्हें खेलते हुए देखना हमेशा प्रेरणादायक होता है।' दीप्ति ने कहा, 'मैं फेडरर और नडाल जैसे महान खिलाड़ियों को देखते हुए बड़ी हुई हूं।

# स्पेन की एकतरफा जीत, ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर पार की नॉकआउट की बाधा

**लॉस एंजिलिस।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड-ऑफ-32 के मुकाबले में स्पेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर अंतिम-16 में जगह पक्की कर ली। लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मिकेल ओयरजाबल ने दो गोल दागे, जबकि पेड्रो पोरो ने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अब स्पेन का सामना छह जुलाई को डलास में पुर्तगाल और क्रोएशिया के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा।

मैच की शुरुआत से ही स्पेन ने आक्रामक रुख अपनाया। पहले ही मिनट में लामिन यमल ने गोल पर शॉट लगाकर ऑस्ट्रिया के डिफेंस को सतर्क कर दिया। इसके बाद स्पेन लगातार हमले करता रहा। मार्क कुकुरेला ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाया, लेकिन गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लेगर



पर फाउल के कारण रेफरी ने गोल रद्द कर दिया। 36वें मिनट में कुकुरेला के शानदार लो-क्रॉस पर मिकेल ओयरजाबल ने फर्स्ट-टच फिनिश के साथ गेंद को नेट में पहुंचाकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ के अंत तक एलेक्स बाएना की फ्री-किक क्रॉसबार से टकराई, जबकि यमल के एक और प्रयास को श्लेगर ने शानदार बचाव से रोक दिया।

दूसरे हाफ की शुरुआत में ऑस्ट्रिया ने वापसी की कोशिश की। 61वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी सासा कालाज्जिच को हेडर से गोल करने का मौका मिला, लेकिन वह गेंद को गोलपोस्ट के अंदर नहीं रख सके। इसके बाद स्पेन ने मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। 66वें मिनट में एलेक्स बाएना के सटीक क्रॉस पर पेड्रो पोरो ने शानदार हेडर लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया।

### इंटर-स्कूल फुटबॉल को बढ़ावा

# ओरिएंटल कप 2026 में ट्रॉफी के साथ छात्रवृत्ति भी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के इंटर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट ओरिएंटल कप ने इस बार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चौथे संस्करण में पहली बार 10 छात्र-खिलाड़ियों के लिए 2.5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इसके साथ ही टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि भी दोगुने से अधिक बढ़ा दी गई है। सात से 16 जुलाई तक नई दिल्ली के डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में 45 से अधिक स्कूलों की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में करीब 1500 खिलाड़ियों के मैदान में उतरने की उम्मीद है। छात्रवृत्ति शुरू करने का उद्देश्य केवल विजेता टीमों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि उन खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाना है जिनमें भविष्य की संभावनाएं हैं। टूर्नामेंट के बाद भी युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलना जारी रखने के लिए बढ़ावा मिले। ओरिएंटल कप के संस्थापक फरीद बख्शी ने जनसत्ता को बताया कि टूर्नामेंट का मकसद हर साल युवा खिलाड़ियों के लिए नए अवसर तैयार करना है। उनके अनुसार, छात्रवृत्ति योजना शुरू करने का फैसला प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने की सोच का हिस्सा है। इस बार लड़कियों की भागीदारी भी बढ़ी है। पहले संस्करण की तुलना में टीमों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। अब हिस्सा लेने वाली कुल टीमों में करीब 40 प्रतिशत लड़कियों की टीमें हैं।

# ICC की आलोचना करना पड़ा भारी!

- इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटरों केट क्रास- एलेक्स हार्टले को मिली जान से मारने की धमकियां

**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल शेड्यूल पर सवाल उठाना इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटरों केट क्रॉस और एलेक्स हार्टले को भारी पड़ गया। दोनों ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम पर अपनी राय रखी थी, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर न सिर्फ जमकर ट्रोल किया गया, बल्कि जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। हालांकि बाद में केट क्रॉस ने स्पष्ट किया कि उनकी आलोचना भारत नहीं, बल्कि आईसीसी की शेड्यूलिंग प्रक्रिया को लेकर थी। इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर केट क्रॉस ने महिला ञ20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल को लेकर आईसीसी की व्यवस्थाओं को 'बेतुका' बताया था। केट क्रास ने बताया कि उन्हें ऑनलाइन जान से मारने की धमकियां और गालियां मिली हैं। एलेक्स हार्टले ने 'नो बॉल्स : द क्रिकेट पॉडकास्ट' के हालिया एपिसोड में कहा, ''हमें ऑनलाइन जान से मारने की धमकियां और गालियां मिल रही हैं।'' वह क्रॉस के साथ मिलकर इस पॉडकास्ट को होस्ट करती हैं।

केट क्रॉस ने कहा, ''आज सुबह जब मैं उठी और मैंने आईसीसी के सेमी-फाइनल शेड्यूल के बारे में पोस्ट किया तो उस इंस्टाग्राम पोस्ट पर 450 कमेंट्स आ चुके थे। आम तौर पर हमें हर पोस्ट पर 30 कमेंट्स मिलते हैं। थोड़ी उलझन है क्योंकि हमने जो कहा- उसके लिए जान से मारने की धमकियां और गालियां मिलना सही नहीं है।'' वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल इस हफ्ते मंगलवार और गुरुवार को होने हैं। गुरुवार को होने वाले नॉकआउट मुकाबले में ग्रुप्र की टॉप टीम का सामना ग्रुप क्क की दूसरी टीम से होना था, लेकिन मामला इसके उलट था। हालांकि, नियम यह भी था कि अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करता तो वह मंगलवार को ग्रुप्र की टॉप टीम के खिलाफ सेमीफाइनल खेलता। इस शर्त की पॉडकास्ट करने वाली जोड़ी ने आलोचना की थी। एलेक्स हार्टले ने कहा, ''मैंने असल में आईसीसी में किसी से बात करके सारी बातें साफ की हैं। आईसीसी ने कहा- हम साफ करना चाहते हैं कि इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है और यह च्च में दर्शकों की संख्या और दुनिया भर में इसे देखने वालों की संख्या दोनों को बढ़ाने के लिए किया गया है। तो मेरा मतलब यह है कि 6 :30 बजे का समय च्च के दर्शकों के लिए है।''

केट क्रास ने कहा, ''लगता है कि हमने यह बात साफ कर दी है। उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने हमसे संपर्क किया और हमारा साथ दिया। उन सभी (मैसेजों) को पढ़ना बहुत अच्छा लगा। यह अजीब है, है ना? हमने इस प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया के बारे में बहुत बात की है, लेकिन आइए थोड़ा और दयालु बनें। जैसे, मैं एक क्रिकेट टीम के तौर पर भारत की बुराई नहीं कर रही थी।''

केट क्रास ने कहा, ''मैं बस यह कह रही थी कि मुझे नहीं लगता कि कोई टूर्नामेंट इस बात पर आधारित होना चाहिए कि कोई क्रिकेट टीम सेमी-फाइनल में पहुंचेगी या नहीं। पता चला कि वह बात वैसे भी सही नहीं थी। जिस व्यक्ति ने हमारी बात को कोट किया अगर आप हमें कोट करने जा रहे हैं तो वही कोट करें जो हमने कहा है न कि वह जो आपको लगता है कि हमने कहा है। लोगों ने अपनी समझ के हिसाब से इसका मतलब निकाला है।''

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### इंटर की क्वार्टरली परीक्षा शुरू, 29,434 परीक्षार्थी शामिल

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** बीएसईबी की ओर से इंटरमीडिएट (12वीं) की त्रैमासिक परीक्षा शुरू हो गयी है। परीक्षा को लेकर जिले के सभी इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में तैयारी पूरी कर ली गई है। बोर्ड की ओर से सभी विद्यालयों और कॉलेजों को सीलबंद प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। साथ ही संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापकों को केंद्राधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बिना उचित कारण परीक्षा से अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को आगे चलकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिले में इस बार कुल 250 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। इनमें चार प्रोजेक्ट विद्यालय, 88 राजकीयकृत उच्च विद्यालय, 146 उत्क्रमित उच्च विद्यालय तथा 12 अनुदानित इंटर कॉलेज शामिल हैं। आठ वित्त रहित कॉलेजों का कोड निरस्त होने के कारण वहां परीक्षा नहीं हो रही है। जिलेभर से कुल 29,434 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल है, जिनमें छात्राओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बताई जा रही है।

### आईआरएडी-ईडीएआर प्रणाली पर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।,** सड़क दुर्घटना रोकथाम पर जोर

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में आईएडी/ईडीएआर प्रणाली एवं सड़क दुर्घटना की रोकथाम को लेकर एक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों तथा आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घटनास्थल का वैज्ञानिक तरीके से निरीक्षण, दुर्घटना संबंधी सूचनाओं का आईआरएडी पोर्टल पर समयबद्ध एवं सही तरीके से अपलोड करने तथा ईडीएआर के माध्यम से दुर्घटना संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) ने बताया कि आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का सटीक विश्लेषण कर दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान की जा सकती है।

#### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य गंगा समिति की प्रगति की समीक्षा

# मुख्य सचिव ने योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए निर्देश

### डीएम अभिलाषा शर्मा ने मुख्य सचिव के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा के दिए निर्देश

- नमामि गंगे अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा
- औरंगाबाद से प्रभारी डीडीसी इफ्तेखार अहमद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।
- हरियाली मिशन के तहत वृक्षारोपण, जैविक खेती, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं अवैध बालू खनन रोकथाम की समीक्षा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




राज्य गंगा समिति की प्रगति की समीक्षा को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नमामि गंगे अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार प्रभारी उप विकास आयुक्त इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेबी प्रिया, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, नगर परिषद औरंगाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी, लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। समीक्षा के दौरान नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज एवं एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) परियोजनाओं, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन (आई एंड डी) कार्यों, घाट एवं श्मशान घाट विकास, हरियाली मिशन के तहत गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैविक खेती, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, जिला गंगा समितियों की नियमित बैठकों की स्थिति तथा अवैध बालू खनन की रोकथाम सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 में औरंगाबाद जिले में जिला गंगा समिति की निर्धारित 12 बैठकों के विरुद्ध अब तक 11 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य सचिव ने सभी जिलों को राज्य गंगा समिति से जुड़ी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, जिला गंगा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, लिए गए निर्णयों का प्रभावी अनुपालन करने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को मुख्य सचिव के सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने, राज्य गंगा समिति से संबंधित योजनाओं की नियमित समीक्षा करने, विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने तथा सभी आवश्यक प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गंगा, सुरक्षित पर्यावरण और सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# औरंगाबाद में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल कई विभागों में नए अधिकारियों की तैनाती

- दया शंकर सिंह बने जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ समेत खनन व पशुपालन विभाग में भी बदलाव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार सरकार ने औरंगाबाद जिले में प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया है। शिक्षा, ग्रामीण विकास, राजस्व, खनन एवं पशुपालन सहित कई विभागों में नए अधिकारियों की पदस्थापना की गई है, जबकि कई अधिकारियों का अन्य जिलों में स्थानांतरण किया गया है। प्रशासनिक हलकों में इसे कार्यकुशलता, जवाबदेही और जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ग्रामीण विकास विभाग में औरंगाबाद सदर के प्रखंड विकास पदाधिकारी रमन कुमार सिंह का स्थानांतरण घनश्यामपुर किया गया है। उनकी जगह रिचा मिश्रा, जो पहले दुर्गावती की बीडीओ थीं, को औरंगाबाद सदर का नया बीडीओ बनाया गया है। वहीं, मनोज कुमार का कलेर प्रखंड से स्थानांतरण कर दिया गया है। परवेज आलम (अररिया) को गोह प्रखंड का नया प्रखंड विकास पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। राजस्व विभाग में दाउदनगर के अंचलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार यादव का स्थानांतरण सारण जिले के इसुआपुर किया गया है। उनके स्थान पर सतीश कुमार सिंह को दाउदनगर का नया अंचलाधिकारी बनाया गया है।

### दया शंकर सिंह बने नए डीईओ

शिक्षा विभाग में हुए फेरबदल के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार का स्थानांतरण जहानाबाद कर दिया गया है। उनकी जगह पूर्व में औरंगाबाद में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) रह चुके दया शंकर सिंह को नया जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर भी कई नई नियुक्तियां की गई हैं। मनीष कुमार (सीतामढ़ी), संतोष कुमार (वैशाली) और प्रियंका कुमारी (रोहतास) को औरंगाबाद में डीपीओ के रूप में पदस्थापित किया गया है। वहीं, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अमृतेश आर्यन को नियमित रूप से औरंगाबाद का जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बनाया गया है। दूसरी ओर रवि कुमार रोशन का स्थानांतरण रोहतास तथा भोला कुमार का तबादला नालंदा कर दिया गया है।

### खनन व पशुपालन विभाग को भी मिले नए अधिकारी

अन्य विभागों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। विकास कुमार को औरंगाबाद का नया जिला खनन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि कामख्या दास को जिला पशुपालन पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि नए अधिकारियों के पदभार ग्रहण करने से विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी, जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगी।

# बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दिलाई गई सत्यनिष्ठा की शपथ

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की उपस्थिति में समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लोकसेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संविधान, कानूनों, नियमों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन करने तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का संकल्प दोहराया। साथ ही सुशासन, जवाबदेही और पारदर्शी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोकसेवकों का दायित्व केवल प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन करना ही नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को कायम रखते हुए ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के साथ जनसेवा करना भी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था सुशासन की आधारशिला है तथा प्रत्येक सरकारी कर्मी की जिम्मेदारी है कि वह अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसेवकों में नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा भ्रष्टाचार मुक्त एवं सुशासन आधारित प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनर्स्थापित करना था। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खाँ, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सिविल सर्जन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेवी प्रिया, निदेशक, डीआरडीए अनुपम कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, सहायक जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रधान सहायक एवं समाहरणालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह की 107वीं जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि, साकेत कुमार बने ट्रस्ट के नए सचिव

- रमेश चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया

**एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद**



रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट, औरंगाबाद के तत्वावधान में शुक्रवार को पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह की 107वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने की, जबकि संचालन संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत रमेश चौक स्थित पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समाजसेवा, न्याय और जनसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने रमेश बाबू को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए उनकी प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, नगर परिषद के चेयरमैन उदय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए रमेश प्रसाद सिंह के जीवन एवं कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह गरीब मुवक्किलों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे और युवा अधिवक्ताओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद में शिक्षा के विकास में उनका योगदान अतुलनीय रहा और वे कई शिक्षण संस्थानों से जुड़े रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने बताया कि ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह के निधन से संस्था को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी स्मृति को नमन करते हुए सर्वसम्मति से साकेत कुमार को ट्रस्ट का नया सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि ट्रस्ट की ओर से गौमाता के चारा हेतु 11 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। नवनियुक्त सचिव साकेत कुमार ने कहा कि ट्रस्ट पूर्व की भांति समाजसेवा, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों को आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जारी रखेगा। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि आज रमेश चौक को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा बहुआरा (बारूण) की धरती का नाम रोशन करने वाले रमेश प्रसाद सिंह पर युवा अधिवक्ताओं को गर्व है। महाबीर जैन ने कहा कि औरंगाबाद की हृदयस्थली रमेश चौक सदैव लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

कार्यक्रम में विशाल जैन, अमित कुमार चम्पक, शिवनारायण सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, मदन प्रसाद, जय किशोर सिंह, प्रो. अशोक कुमार सिंह, कुंदन कुमार माथुर, प्रो. विनोद कुमार सिंह, कृष्ण कुमार पिंटू, रामजी प्रसाद, प्रो. रविन्द्र सिन्हा, मिथलेश कुमार, विपीन सिन्हा, विजय प्रसाद, ज्ञानेश्वर सिंह, जितेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



सबका सम्मान–जीवन आसान पहल के तहत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली एवं सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, एलपीसी, पैक्स, मानदेय भुगतान, अनुग्रह अनुदान सहित जनहित से जुड़े अनेक मामलों में लोगों ने आवेदन दिए।

प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजीबद्ध कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरीके से प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए तथा इसकी नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने अधिकारियों को आम लोगों की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जनता दरबार की व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### प्रखंड व जिला मुख्यालयों पर निकाला जाएगा विरोध मार्च

# फर्जी एनकाउंटर व बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में चार जुलाई को विरोध दिवस मनाएगी भाकपा माले

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



भाकपा (माले) ने राज्य में हाल के कथित एनकाउंटर मामलों एवं बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में 4 जुलाई को पूरे बिहार में 'विरोध दिवस' मनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों पर विरोध मार्च और प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को ओबरा प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के जिला सचिव मुनारीक राम ने दी। मुनारीक राम ने आरोप लगाया कि भोजपुर जिले के जमैनिया गांव निवासी भरत तिवारी की पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी पुलिस अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पदोन्नति देकर नई तैनाती दी गई, जो न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा भरत तिवारी के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की।

भाकपा (माले) नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में कथित फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं बढ़ रही हैं और कानून-व्यवस्था का संचालन संविधान की भावना के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आम लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

प्रेस वार्ता के दौरान मुनारीक राम ने सोशल मीडिया के माध्यम से जातीय उन्माद फैलाने की बढ़ती घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की। भाकपा (माले) ने बिहार की जनता से 4 जुलाई को आयोजित विरोध मार्च और प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को रफीगंज थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक मिथलेश कुमार एवं रविकांत सिंह, सहायक अवर निरीक्षक राम अवधेश सिंह, बबनजीत कुमार, राजीव कुमार सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने लोकसेवक के रूप में कानून, नियमों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने तथा किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में न तो शामिल होने और न ही उसका समर्थन करने का संकल्प लिया। पुलिसकर्मियों ने संगठन और समाज में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं सुशासन की भावना को मजबूत करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का भी प्रण लिया।

# भखरूआं में मारपीट के बाद हाईवे पर बवाल, एनएच-139 तीन घंटे रहा जाम

### प्रतिष्ठान में तोड़फोड़, लूटपाट व मारपीट का आरोप, प्राथमिकी दर्ज, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**



दाउदनगर थाना क्षेत्र के भखरूआं गांव में शुक्रवार को मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक प्रतिष्ठान में मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पटना-औरंगाबाद एनएच-139 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया, जिससे करीब तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत और लोगों को समझाने-बुझाने के बाद जाम हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। बताया गया कि भखरूआं स्थित आरडी इंटरप्राइजेज में हुई मारपीट की घटना के विरोध में लोगों ने सड़क जाम किया। मौके पर पहुंचे राजद नेता अरुण यादव, अजित कुमार, पूर्व मुखिया कुणाल कुमार, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। इस संबंध में प्रतिष्ठान संचालिका रीना कुमारी, पति परवीन कुमार, ने दाउदनगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, वह अपने प्रतिष्ठान पर मौजूद थीं।

इसी दौरान सदर अस्पताल औरंगाबाद एवं पीसी हॉस्पिटल, दाउदनगर में कार्यरत बताए जा रहे डॉ. आर्यन अपने चालक के साथ क्रेटा कार से पहुंचे और वाहन में हवा भरने तथा पंक्चर बनाने का काम कराया। कार्य पूरा होने पर 380 रुपये का बिल मांगे जाने पर विवाद शुरू हो गया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद डॉ. आर्यन ने कथित रूप से फोन कर 10 से 15 लोगों को बुलाया। कुछ लोग स्कॉर्पियो वाहन और अन्य मोटरसाइकिलों से पहुंचे तथा प्रतिष्ठान में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। घटना में दक्ष वरुण, कौशल कुमार और मनोज कुमार घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ की, काउंटर में रखे लगभग 70 हजार रुपये निकाल लिए, मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त कर दिया तथा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और लज्जा भंग करने का भी प्रयास किया। दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर नामजद एवं अन्य अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है तथा सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# सत्यचंडी धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, छह जुलाई को होगा समापन

**एसवीवी सांवददाता | औरंगाबाद**



जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थस्थल सत्यचंडी धाम, रायपुरा में आयोजित आद्रा मेला श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में जारी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना कर रहे हैं। मेले का समापन 6 जुलाई को होगा। सत्यचंडी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह एवं सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि आद्रा मेले में जिले के अलावा बिहार के विभिन्न क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला क्षेत्र का अवलोकन करने पहुंचे मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी से बातचीत में मंदिर के पुजारी चंदन मिश्रा ने बताया कि आद्रा नक्षत्र में सत्यचंडी धाम में शक्ति पूजा का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस अवधि में श्रद्धापूर्वक माता की आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ मनोरंजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, महिलाओं के लिए मीना बाजार तथा अन्य आकर्षक दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। धार्मिक अनुष्ठानों और मेले की रौनक से पूरा सत्यचंडी धाम क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है।